इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

वर्ष- 43 अंक -141 राजनांदगांव, रविवार 07 अप्रैल 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

'इतिहास नहीं जानते पीएम, मुस्लिम लीग सरकार का हिस्सा थे श्यामा प्रसाद', कांग्रेस का मोदी पर पलटवार

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि वह इतिहास नहीं जानते हैं। विपक्षी पार्टी ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी 1940 के दशक की शुरुआत में खुद मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन सरकार का हिस्सा थे।

पीएम मोदी ने क्या कहा था

इससे पहले प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में वही सोच झलकती है, जो आजादी के आंदोलन के समय मुस्लिम लीग में थी।

कांग्रेस के घोषणा पत्र में पूरी तरह मुस्लिम लीग की छाप है और इसका जो कुछ हिस्सा बचा रह गया, उसमें वामपंथी पूरी तरह हावी हो चुके हैं। कांग्रेस इसमें दूर-दूर तक दिखाई नहीं देती है।

ध्यान भटकाने की रणनीति अपना रहे पीएम

कांग्रेस ने भाजपा पर बांटने की राजनीति करने का आरोप लगाया और दावा किया कि प्रधानमंत्री ध्यान भटकाने की रणनीति अपना रहे हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, प्रधानमंत्री को अपना इतिहास मालूम नहीं है, क्योंकि कोई और नहीं बल्कि मुखर्जी ही थे जो उस समय हिंदू महासभा के अध्यक्ष थे और मुस्लिम लीग के साथ बंगाल में गठबंधन सरकार का हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि हिंदू महासभा सिंध और उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत में मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन में भी थी। रमेश ने कहा, कांग्रेस बांटने की राजनीति में भरोसा नहीं करती है।

अन्याय के समर्थक हैं पीएम मोदी

एक्स पर एक पोस्ट में रमेश ने कहा, न्याय पत्र का केंद्र बिंदु पांच न्याय हैं- युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय। प्रधानमंत्री ने आज खुद स्पष्ट कर दिया है कि न्याय और अन्य के बीच संघर्ष में वह अन्याय के समर्थक हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत और भारतीय दस साल अन्याय काल से मुक्ति के लिए निर्णायक मतदान करेंगे। रमेश ने एक वीडियो बयान में आरोप लगाया कि मोदी देश में युवाओं, महिलाओं, किसानों और मजदूरों की हालत और पिछले दस साल के अन्याय से ध्यान हटाना चाहते हैं।

'मोदी सरकार के किए आर्थिक सुधार को आगे बढ़ाना जरूरी'- 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया

नई दिल्ली। अर्थशास्त्री और 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि नई सरकार को चुनाव के बाद आर्थिक सुधार की प्रक्रिया को जारी रखना चाहिए. अरविंद पनगढ़िया के मुताबिक, मोदी सरकार के पिछले 10 साल के कार्यकाल के दौरान जो आर्थिक सुधार किए गए हैं, उन्हें नई सरकार को और आगे बढ़ाना जरूरी होगा.

दिल्ली में आयोजित गलोबल एवार्ड 2023 समारोह के दौरान अरविंद पनगढ़िया ने एनडीटीवी से कहा, बैंकों का निजीकरण और पब्लिक सेक्टर इंटरप्राइजेज के निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना जरूरी होगा. साथ ही नई सरकार को श्रम कानून में सुधार को लागू करने पर फोकस करना होगा. अवॉर्ड समारोह में भारत को विकसित देश बनाने और आर्थिक मोर्चे पर अर्थव्यवस्था को और मजबूत करने के सवाल पर विस्तार से चर्चा हुई.

इस मौके पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मशहूर अर्थशास्त्री प्रोफेसर जगदीश भगवती को ग्लोबल एवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया. समारोह के दौरान रामनाथ कोविंद ने भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार और उसे मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए 13वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. विजय केलकर और 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष रहे रिटायर्ड आईएएस अधिकारी एनके सिंह को हेरिटेज अवॉर्ड 2023 से सम्मानित किया. अवॉर्ड समारोह के बाद ह्य सिंह ने एनडीटीवी से कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में आरबीआई के एक विशेष कार्यक्रम में कहा कि ग्रोथ के साथ वित्तीय स्थिरता पर फोकस करना जरूरी होगा. मुझे लगता है कि नई सरकार के गठन के पहले 100 दिन के एजेंडे में इस दिशा में भी पहल होगी कि किस तरह ऋण को, आर्थिक वृद्धि को और राजकोषीय विवेक को बैलेंस किया जाए.

महंगाई नियंत्रण के लिए सप्लाई की ओर ध्यान देना होगा - सिंह

आरबीआई गवर्नर ने गुरुवार को मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी के फैसलों पर बात करते हुए फूड इंफ्लेशन के मोर्चे पर सतर्क रहने की बात कही थी. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

गुढ़ियारी सब डिवीजन में आगजनी: पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा- यह आग लगी नहीं, लगाई गई है, विभाग में हुआ बड़ा घोटाला

रायपुर। छत्तीसगढ़ विद्युत विभाग के गुढ़ियारी स्थित केंद्रीय भंडार में कल लगी भीषण आग को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बड़ा बयान दिया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने इस पूरे अग्निकांड पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सनसनीखेज दावा किया हैं। दीपक बैज ने कि गुढ़ियारी स्थित सीएसपीडीसीएल के ट्रांसफर गोदाम में लगी आग लगवाई गई हैं। दीपक बैज का दावा हैं कि यह मुख्यमंत्री का विभाग है, मुख्यमंत्री के विभाग में बड़ा घोटाला हुआ है। इसी को दबाने के लिए यह आगजनी की गई है। सारे अफसर, मंत्री, नेता उसे दबाने में लगे हैं।

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में भारत माता चौक के पीछे स्थित सीएसपीडीसीएल के ट्रांसफार्मर गोदाम में कल भीषण आगजनी की घटना सामने आई थी। करीब 10 घंटे तक यह आग धधकती रहे जिसकी चपेट में आये सैकड़ो बिजली के ट्रांसफार्मर जलकर खाक हो गये। इस आगजनी के बाद रायपुर प्रशासन और पुलिस में भी हड़कंप मच गया था। कलेक्टर खुद मौके पर पहुंचकर राहत अमले को निर्देश दे रहे थे। यह आग इतनी भीषण थी की रायपुर समेत 20-30 किलोमीटर दूर से भी इसके धुंए आसमान में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

ये देश किसी एक का नहीं.. हम सबका है, इसे पुरखों ने अपने खून से सींचा है : राजस्थान की रैली में सोनिया गांधी

0 हमारे देश का लोकतंत्र खतरे में है

जयपुर। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोला है. सोनिया गांधी ने कहा, 'आज हमारे देश का लोकतंत्र खतरे में है. संविधान को बदलने का षड्यंत्र रचा जा रहा है. यह देश सिर्फ चंद लोगों की जागीर नहीं हैं, ये देश हम सबका है. इसे हमारे पुरखों ने अपने खून से सींचा है.' सोनिया गांधी यहां विद्याधर नगर में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रही थीं.

उन्होंने कहा, 'देश से ऊपर हो जाने की बात सपने में भी नहीं सोची जा सकती. क्या कोई देश से बड़ा हो सकता है? जो ऐसा सोचता है देश की जनता, मेरी प्यारी बहनें, नौजवान, किसान, मजदूर, आदिवासी उसे सबक सिखा देते हैं. विपक्षी नेताओं को डराने धमकाने, भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) में शामिल कराने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं. सोनिया गांधी ने कहा, 'हमारा देश पिछले 10 साल से एक ऐसी सरकार के हवाले

है जिसने बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक संकट, असमानता व अत्याचार को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी. इस मोदी सरकार ने जो-जो किया है वो हमारे, आपके सामने है. इसलिए यह समय हताशा से भरा हुआ है.'

उन्होंने कहा, 'लेकिन जान लीजिए हताशा के साथ ही उम्मीद का भी जन्म होता है. मुझे पूरा यकीन है कि कांग्रेस के हमारे साथी न्याय के दीपक को अपने सीने की आग से जलाएंगे और हजार आंधियों से संभालकर आगे बढ़ेंगे.' उन्होंने कहा, '...क्योंकि ये देश सिर्फ चंद लोगों की जागीर नहीं है, ये देश हम सबका है. इसे हमारे पुरखों ने अपने खून से सींचा है. इसकी हवाओं में हमारी मां बहनों के पसीने का नमक है. यह देश हमारे बच्चों का आंगन है. इस देश के मासूम बच्चों से उनके हिस्से का न्याय छीना नहीं जा सकता.'

उन्होंने कहा, 'कभी हमारे महान पूर्वजों ने अपने कठिन संघर्ष के बल-बूते पराधीनता के अंधेरे में देश की स्वाधीनता के सूर्य को खोजा और पाया था. इतने वर्षों बाद वह महान ज्योति कुछ मद्धिम पड़ गई है. चारों ओर अन्याय का अंधकार बढ़ा है. हम सभी का संकल्प होना चाहिए कि हम इसके खिलाफ लड़ेंगे, न्याय की रोशनी खोजेंगे. देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं के खतरे में होने की बात करते हुए उन्होंने कहा, 'आज हमारे देश का लोकतंत्र खतरे में है. मेहनत से खड़ी की गई लोकतांत्रिक संस्थाओं को राजनीतिक सत्ता के हथियार से बर्बाद किया जा रहा है. यही नहीं हमारे संविधान को बदलने का षड्यंत्र रचा जा रहा है. पूरे तंत्र में भय बताया जा रहा है. यह सब क्या है? ये तो तानाशाही है और हम सब इस तानाशाही का जवाब देंगे.' (शेष पृष्ठ 6 पर...)

राहुल गांधी का 13 को बस्तर का दौरा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों के बीच जुबानी जंग का सिलसिला जारी है। प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के बीच चुनाव को लेकर खींचतान जारी है। दोनों पार्टियों के नेता एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने का काम कर रहे हैं। वहीं इस बीच दोनों पार्टियों के बड़े नेता और स्टार प्रचारक प्रदेश में चुनावी सभाओं को भी संबोधित करने आ रहे हैं। अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोकसभा चुनाव के लिए बस्तर आएंगे।

इस बात की जानकारी प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने दी है। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी 13 अप्रैल को बस्तर का दौरा करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट अगले दो दिनों में छग आएंगे। बता दें कि कांग्रेस स्टार प्रचारकों की लिस्ट में राहुल गांधी का भी नाम शामिल है। दीपक बैज ने बताया कि बहुत जल्द ही राहुल गांधी बस्तर के दौरे पर आएंगे। वह 13 अप्रैल को बस्तर आएंगे। वहीं, सचिन पायलट भी एक दो दिनों में आ जाएंगे।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा के पास जनता के बीच जाने के लिए कोई मुद्दा नहीं है, फिर चाहे वो महंगाई हो, बेरोजगारी हो या फिर कालाबाजारी हो। अब भाजपा के पास जनता के लिए कोई मुद्दा नहीं है, तो अब भगवान राम का मुद्दा लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। भाजपा देश की जनता की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है। लेकिन अब देश की जनता ने भाजपा का असली चेहरा देख लिया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

7900 लीटर नकली घी जब्त, खाद्य विभाग ने फैक्टरी में की छापेमारी, पकड़ा गया संचालक

अंबिकापुर। नकली घी तैयार करने वाली फैक्ट्री पर प्रशासन एवं खाद्य और औषधि संरक्षण की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नकली घी बरामद किया है। दरअसल यह फैक्ट्री सरगुजा जिला के अंबिकापुर नगर स्थित बाबूपारा मोहल्ले में संचालित हो रहा था, जिसे प्रशासन ने सील कर दिया है। इस अवैध फैक्ट्री से टीम ने 7900 लीटर नकली घी जब्त किया है जिसकी कीमत 7.86 लाख रुपये बताई गई है।

फैक्टरी में नकली घी वनस्पति डालडा एवं सोयाबीन तेल को मिलाकर व एसेंस डालकर तैयार किया जा रहा था।नकली घी को आगामी 8 अप्रैल से

शुरू होने वाले नवरात्र पर्व पर मंदिरों में प्रज्जवलित होने वाले मनोकामना दीप में खपाने की तैयारी थी। नकली घी का अवैध तरीके से फैक्ट्री संचालित करने वाला कारोबारी राकेश बंसल है जो कि मूलतः गोंदिया महाराष्ट्र का रहने वाला है। प्रशासन की जांच में यह बात सामने आई है कि वह बाजार में नकली घी किसी को अब तक बेचा नहीं था लेकिन चैत्र नवरात्र में जलने वाले ज्योति कलश में खपाने की तैयारी थी। प्रशासन की टीम ने 200 से ज्यादा टीनों में तैयार घी एवं 700 लीटर के 8 ड्रमों में घी तैयार कर पैकिंग के लिए रखा गया था, उसे जब्त किया है और फैक्ट्री को सील कर दिया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

सीएम साय की नक्सलियों को चेतावनी, कहा- विकास से जुड़ना चाहते हैं तो करें आत्मसमर्पण

जशपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ से सभी 11 सीट पर भाजपा की जीत पक्की करने का दावा करते हुए अपनी कुनकुरी विधानसभा सीट से 50 हजार की लीड देने का संकल्प दिलाया। सीएम विष्णुदेव साय कुनकुरी में कार्यकर्ता सम्मेलन में बोलते हुए कांग्रेस को एक भी सीट नहीं देने की अपील की। उन्होंने भाजपा के स्थापना दिवस पर अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया।

देखा जाय तो रायगढ़ लोकसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच परंपरागत सीधी टक्कर है,

जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के भरोसे और विष्णु सरकार के 100 दिन के कामों को लेकर भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को जिताने के लिए मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को रिचार्ज किया। सीएम साय ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नक्सली विकास से जुड़ना चाहते हैं तो आत्मसमर्पण करें। हम नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ रहे हैं। हाल ही में नक्सलियों से सीधी लड़ाई में हमारे जवानों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

गृहमंत्री विजय शर्मा के खिलाफ कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से की शिकायत

रायपुर। गृहमंत्री विजय शर्मा के विरूद्ध आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन किये जाने की शिकायत कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त से किया। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान समय में सम्पूर्ण भारत में आदर्श आचार संहिता लागू है ऐसे स्थिति में छत्तीसगढ़ शासन के गृहमंत्री विजय शर्मा के द्वारा अपने नेतृत्व में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुये छत्तीसगढ़ राज्य के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के निवास स्थान में भाजपा नेताओं/कार्यकर्ताओं की भीड़ के साथ बंगले के

दरवाजा को तोडकर घुसने का जो प्रयास किया गया है वह अत्यंत ही निन्दनीय है। क्योंकि छत्तीसगढ़ की पुलिस उक्त प्रदर्शन के दौरान मूकदर्शक बनकर शांत खड़ी थी प्रदेश के गृहमंत्री जिनके ऊपर राज्य की कानून व्यवस्था को संभालने की संवैधानिक जवाबदेही है वहीं कानून तोड़ने के दोषी है। स्वंय छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री द्वारा उक्त विरोध प्रदर्शन करना उनके पद की मार्यादा का घोर उल्लंघन है और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि छत्तीसगढ़ शासन के गृहमंत्री विजय शर्मा के विरूद्ध आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने हेतु तत्काल कानूनी/समुचित कार्यवाही किये जाने की कृपा की जाये। साथ ही जब तक लोकसभा चुनाव चल रहे है। गृहमंत्री विजय शर्मा को मंत्री पद से बर्खास्त किया जाये। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

मोदी झूठों के सरदार : मल्लिकार्जुन खड़गे

जयपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को झूठों का सरदार करार देते हुए कहा है कि दस साल पहले जनता से जो वादे किए गए वे आज तक पूरे नहीं हुए और वह जहां भी जाते हैं कुछ न कुछ नया झूठ बोलकर आते हैं।

श्री खड़गे शनिवार को यहां जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दावा करते हुए कहा ÷अगर लोकसभा चुनाव में हमारी सरकार आई तो हम जनता को दी सभी गारंटियों को अमल में लायेंगे, हम कभी झूठ बोलने वाले में से नहीं हैं जैसा की मोदी झूठ बोलते हैं और हर जगह जाते है कुछ न कुछ नया झूठ बोल कर आते हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने कितनी गारंटिया दी है और वे लोगों तक पहुंची हैं। उन्होंने शुरु में पहली गारंटी युवाओं को हर साल दो करोड़ नौकरी देने की गारंटी दी थी और पिछले दस साल में 20 करोड़ युवाओं को नौकरी दी जानी चाहिए थी लेकिन युवाओं

को नौकरी नहीं मिली। उन्होंने सवाल किया कि श्री मोदी प्रधानमंत्री है, वह झूठ कैसे बोल सकते हैं लेकिन वे झूठे हैं और इस दौरान वह युवाओं को नौकरी नहीं दे पाये। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने यह भी कहा था कि बाहर के देशों में कांग्रेस के लोगों का काला धन रखा है वह लाकर देश के हर व्यक्ति को 15 लाख रुपए दिए जायेंगे लेकिन यह वादा भी पूरा नहीं किया गया। श्री खड़गे ने कहा कि श्री मोदी ने किसानों के लिए उनकी आमदनी दोगुनी करने का वादा भी किया था लेकिन किसानों की आमदनी दोगुनी नहीं हुई। इसी तरह अन्य कई वादे जनता से किए लेकिन उन्हें पूरा नहीं कर पाये। उन्होंने कहा कि इसलिए मोदीजी झूठों के सरदार है और वह झूठ बोलते है। श्री खड़गे ने श्री मोदी के हाल में चुरु की जनसभा में दिए भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि आज किसान परेशान है और वे आत्महत्या कर रहे है लेकिन किसानों के बारे में कोई बात नहीं बोली और कश्मीर अनुच्छेद 370 को निकाल देने की बात कही जबकि इसका यहां के लोगों से क्या वास्ता हैं, यह बात तो उन्हें कश्मीर एवं जम्मू में बोलते तो इसका वह असर होता।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों के लिए कुछ नहीं किया गया, उनके लिए खाद के दाम कम नहीं किए और नहीं पेट्रोल-डीजल के दाम कम किए जबकि कांग्रेस ने राजस्थान में इंदिरा गांधी कैनाल लाकर राजस्थान की तस्वीर बदल दी हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

'इतालवी संस्कृति' : शाह ने खरगे की अनुच्छेद 370 संबंधी टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर किया कटाक्ष

भाजपा ने संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाने की आलोचना करने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर शनिवार को निशाना साधा. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत के मूल विचार को न समझ पाने के लिए विपक्षी दल की 'इतालवी संस्कृति' जिम्मेदार है. अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य नेताओं ने एक्स पर खरगे के भाषण की एक क्लिप साझा की, जिसमें वह राजस्थान में अनुच्छेद 370 को हटाने की आलोचना करते हुए भाजपा पर निशाना साध रहे हैं.

क्लिप में खरगे यह कहते सुने जाते हैं, 'अरे भाई, यहां के लोगों से (इसका) क्या वास्ता है?' कांग्रेस प्रमुख ने अनुच्छेद 370 की जगह अनुच्छेद 371 का गलत उल्लेख भी किया. जम्मू-कश्मीर को विशेष अधिकार देने वाले अनुच्छेद 370 को अगस्त 2019 में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने निरस्त कर दिया

था. अमित शाह ने 'एक्स' पर कहा कि खरगे ने जो कहा, उसे सुनना शर्मनाक है. उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और इस पर हर राज्य तथा हर नागरिक का ठीक उसी तरह अधिकार है, जैसे जम्मू-कश्मीर के लोगों का देश के बाकी हिस्सों पर अधिकार है. कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस को पता नहीं है कि राजस्थान के कई वीर सपूतों ने कश्मीर में शांति और सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है. अमित शाह ने कहा, लेकिन यह केवल कांग्रेस नेताओं की गलती नहीं है. यह मुख्यतः कांग्रेस पार्टी की इतालवी संस्कृति है, जो भारत के विचार को न समझने के लिए दोषी है. इस तरह के बयान हर देशभक्त नागरिक को चोट पहुंचाते हैं और देश की जनता कांग्रेस को जवाब जरूर देगी. शाह ने कहा, और कांग्रेस की जानकारी के लिए, यह अनुच्छेद 371 नहीं, बल्कि अनुच्छेद 370 था, जिसे मोदी सरकार ने निरस्त किया था. गृह मंत्री ने कहा कि हालांकि कांग्रेस से यही उम्मीद की जाती है कि वह ऐसी भयानक गलतियां करेगी. उन्होंने कहा, इसके (कांग्रेस) द्वारा की गई ऐसी गलतियां हमारे देश को दशकों से परेशान कर रही हैं. जेपी नड्डा ने भी इस मुद्दे को उठाते हुए कांग्रेस की आलोचना की. उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एक और दिन, कांग्रेस का एक और रत्न! खरगे उस विशिष्ट कांग्रेसी मानसिकता को प्रदर्शित करते हैं, जो चाहती थी कि जम्मू-कश्मीर शेष भारत से कटा रहे. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

अभूतपूर्व उत्साह के साथ मनाए चुनाव का राष्ट्रीय पर्व - कलेक्टर

कमला कॉलेज एवं दिग्विजय कॉलेज के युवाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए किया प्रोत्साहित

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप महोत्सव में सभी को मतदाता जागरूकता की दिलाई शपथ
- युवाओं ने म्यूजिकल कॉन्सर्ट के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

स्वीप सेल्फी जोन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सेल्फी लेकर 26 अप्रैल को मतदान करने का किया आव्हान

राजनांदगांव (दावा)। स्वीप महोत्सव में विशाल मानव श्रृंखला के माध्यम से वोट राजनांदगांव 26 अप्रैल बनाकर शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। पद्मश्री गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आज आयोजित स्वीप महोत्सव में अभूतपूर्व उत्साह के साथ नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे उपस्थित थे। स्वीप महोत्सव में युवाओं एवं बिहान समूह की महिलाओं ने मतदाताओं को जागरूक करने ऊर्जा एवं उत्साह के साथ बहुत अच्छी प्रस्तुति दी। स्वीप महोत्सव में युवाओं ने म्यूजिकल कॉन्सर्ट द्वारा स्वीप एवं देश भक्तिपूर्ण गीतों से समा बांधे रखा, वहीं रैप सांग ने सब का दिल जीत लिया। राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभागी खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा रोप स्कीपिंग किया तथा कमला कॉलेज एवं दिग्विजय कॉलेज के युवाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। बिहान समूह की महिलाओं द्वारा सुआ गीत में बहुत अच्छा नृत्य प्रस्तुत कर मतदान के दिन सभी कार्य छोड़कर सबसे पहले मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। स्वीप महोत्सव में स्वीप सेल्फी जोन बनाया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साह के साथ सेल्फी ली और 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए आव्हान किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने कहा कि हमारे देश में सभी पर्व बहुत उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जाता है। ऐसे ही चुनाव एक राष्ट्रीय पर्व है इसे हमें खुशी एवं उत्साह के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है कि प्रत्येक मतदाता जिनका मतदाता सूची में नाम दर्ज है वे मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि यहां से प्रेरणा लेकर अन्य 10-10 लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें अन्य 10-10 लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने कहा। जिससे जिले के सभी मतदाता जागरूक होंगे और अपने मतदान के अधिकार और कर्तव्य को अच्छे से समझेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं एवं महिलाओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बहुत अच्छे कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिससे मतदाताओं को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने जिले के सभी नागरिकों से 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए अपील की। उन्होंने बताया कि हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हम अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने देश को आगे बढ़ाने में सहभागिता देंगे। मतदान के लिए हम एक दूसरे को प्रेरित करेंगे तो निश्चित तौर पर शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे। इस असवर पर जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप श्रीमती रश्मि सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी, महाविद्यालय के विद्यार्थी, खिलाड़ी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, बिहान समूह की महिलाएं, स्वच्छता दीदी तथा नागरिकगण उपस्थित थे। स्वीप महोत्सव कार्यक्रम का सफल संचालन एपीसी श्रीमती प्रणिता शर्मा और मनोज मरकाम ने किया।

पहला कॉलम...

आज बजरंगपुर नवागांव में कर्मा जयंती

प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का होगा सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय वार्ड 1 व 2 बजरंपुर नवागांव में नगर ईकाई साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। सुबह भव्य बाईक रैली निकाली जाएगी। 11.00 बजे महाआरती उसके बाद अतिथि एवं सामाजिक पदाधिकारियों का स्वागत एवं उद्बोधन होगा। उसके बाद संगीतमय रामायण (हरिकृपा मानस परिवार डुंडेरा डोंगरगढ़) की प्रस्तुति दी जाएगी। आखिर के संध्या आरती एवं महाप्रसादी (खिचड़ी) वितरण किया जाएगा। समाज के अध्यक्ष अनिल साहू ने सभी स्वजातीयजनों एवं वार्डवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी योगेश साहू ने विज्ञप्ति में दी।

श्री उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ परिवार का आज होली मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह

राजनांदगांव (दावा)। श्री उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ परिवार के द्वारा होली मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह श्री बागेश्वर स्वर्ण मंदिर मनसुख लाल पेट्रोल पंप के सामने जी.ई. रोड में कल 7 अप्रेल 24 रविवार को समय सायं 04 से 06 बजे का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर श्री उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ परिवार में सम्मिलित घटक श्री अग्रहरि, श्री अयोध्यावासी, श्री दोसर, श्री गहोई, श्री कसौंधन वैश्य, श्री केसरवानी वैश्य एवं श्री यज्ञ सैनी वैश्य समाज के घटक प्रतिनिधियों से निवेदन है कि पति-पत्नी साथ में उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायें।

आज महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए एक वृहद ट्रायल

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए एक वृहद ट्रायल का आयोजन 7 अप्रैल रविवार को स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में किया जा रहा है। इस ट्रायल के द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ नई प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ियों को भविष्य में बेहतर विकल्प दिया जा सके इसका प्रयास करेगी।

इस ट्रायल में विभिन्न आयु वर्गों की महिला खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इस ट्रायल में अंडर 15 अंडर 19 अंडर 23 एवं सीनियर आयु वर्ग की महिला खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगी। 7 अप्रैल को स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में दुर्ग, राजनांदगांव एवं कवर्धा की महिला खिलाड़ी ही हिस्सा ले सकेंगी। ट्रायल सफेद डयुस बाल से लिया जाएगा। सभी महिला खिलाड़ी रंगीन पोशाक पहनकर ट्रायल में हिस्सा ले सकेंगी। 7 अप्रैल को स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में सुबह के पहले सत्र में सुबह 8:00 बजे से महिला खिलाड़ियों को सर्वप्रथम रजिस्ट्रेशन कराना होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए सभी खिलाड़ियों को निवास प्रमाण पत्र या आधार कार्ड, पांचवी, आठवीं, दसवीं और बारहवीं कक्षाओं की मार्कशीट, जन्म प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट साइज की चार फोटो लेकर उपस्थित होना होगा। पंजीयन सुबह 8:00 बजे से 10:00 तक किया जावेगा। सभी दस्तावेजों की ओरिजिनल प्रति ही साथ में रखना होगा। इस ट्रायल में 1 सितंबर 2009 के बाद जन्मे ही खिलाड़ी शामिल किए जायेंगे।

पिछले कुछ वर्षो से बालिकाओं में क्रिकेट के प्रति रुचि लगातार बढ़ती ही जा रही है। शहर की कुछ बालिकाओं ने राज्य एवं राष्ट्रीय टीम में अपना स्थान बनाया है। ट्रायल में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के चयनकर्ता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ इस ट्रायल उपस्थिति हेतु तीनों ही जिलों से अनुरोध किया है कि वे अपने अपने जिलों से विभिन्न आयु वर्गों की महिला खिलाड़ियों से संपर्क कर उन्हें इस ट्रायल में उपस्थित रहने हेतु उनका उत्साहवर्धन करें।

ट्रायल के पश्चात चयनित महिला खिलाड़ियों को राज्य की महिला क्रिकेट टीम हेतु प्रशिक्षित किया जावेगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव योगेश बागड़ी ने तीन तीनों ही जिलों से लगभग 60-65 महिला खिलाड़ियों की उपस्थिति हेतु संभावना व्यक्ति की है। बाहर से आने वाली महिला खिलाड़ियों को राज इंपिरियल होटल में रुकने की व्यवस्था की गई है। उपरोक्त जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति द्वारा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

मटन मार्केट 10 अप्रैल को रहेगा बंद

राजनांदगांव (दावा)। 6 अप्रैल राज्य शासन के निर्देशानुसार चैती चांद के उपलक्ष्य में 10 अप्रैल दिन बुधवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। उन्होने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना करने के निर्देश दिये है। समस्त स्वच्छता निरीक्षक उपरोक्त आदेश का कढ़ाई से पालन करना सुनिश्चित करे और अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।

भाजपा महिलाओं की योजनाओं में छल और अपराध को देती है बल- फूलो देवी नेताम

उज्जवला गैस और महतारी बंधन इसके जीता जगता उदाहरण

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती फूलों देवी नेताम राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में आकर महिला कांग्रेस की आवश्यक बैठक लेकर दिशा निर्देश प्रदान की।

छग प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव श्रीमती कुसुम दुबे ने बताई की महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के चुनाव प्रचार को महिला कांग्रेस की सहभागिता के साथ तेज करने के लिए राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के अपने दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचकर महिला कांग्रेस के पदाधिकारीयों से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहीं की 10 वर्षीय केंद्र में मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार से देश में महंगाई बेरोजगारी बढ़ी है उसके साथ ही महिलाओं पर अन्याय अत्याचार भी बढ़े हैं अपने ओजश्वी उद्बोधन में श्रीमती फूलोदेवी नेताम ने भाजपा सरकार की 10 वर्षीय नाकामी की पोल खोलते हुए कही की राज्य सरकार पहले केबिनेट के निर्णय अनुसार प्रधानमंत्री आवास का एक रुपया भी छग की जनता को नही दे पाई है, उज्जवला गैस योजना के नाम पर केंद्र सरकार ने जो महिलाओं के साथ छल किया है जिसके चलते 4.13 करोड़ उज्जवला हितग्राहियों ने कभी रिफ्लिंग नहीं कराई और 7.16 करोड लोगों ने मात्र एक बार ही रिफिलिंग कराया है यह राज्यसभा में दिए गए सरकारी आंकड़े हैं इससे यह साबित होता है कि भाजपा सरकार योजना के नाम पर महिलाओं के साथ सिर्फ छल किया है। छ.ग. में महतारी वंदन योजना में जिस प्रकार से 18 से 21 वर्ष कि हमारी माता बहनों को दूर किया गया है यह भी भाजपा की नारी शक्तियों के प्रति पूर्वाग्रह का परिणाम है कांग्रेस जो कहती है वह करती है उसी तर्ज पर महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए महालक्ष्मी योजना को अपने घोषणा पत्र में शामिल की है जिसका अच्छा प्रतिसाद देखने को मिल रहा है।

बैठक को संबोधित करते हुए राजनांदगांव प्रभारी प्रतिमा चंदाकर ने भाजपा सरकार की असफलता गिनाई महापौर एवं प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष हेमा देशमुख ने महालक्ष्मी योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए इस योजना का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं को दिलाने का संकल्प उपस्थित महिला कांग्रेस की पदाधिकारी को दिलाया बैठक को वरिष्ठ उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, महामंत्री डॉ. रुबीना अल्वी, सचिव कुसुम दुबे, प्रज्ञा गुप्ता, खैरुन्निषा, रोशनी सिन्हा, शहर अध्यक्ष माया शर्मा, दुलारी साहू, ब्लॉक अध्यक्ष रीना पटेल, प्रतिमा बंजारे, सावित्री श्रीवास्तव, निखत परवीन, फराह खान सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भाजपा मीडिया सेल का पलटवार

पूत के पांव पालने पर दिखते हैं

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के 'वार रूम' में चल रहें मीडिया सेल ने आज कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र की खिल्ली उड़ाते हुए कहा की पूत के पाँव पालने में ही दिखने लगते हैं, इस कहावत को कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र चरितार्थ करता हैं, कांग्रेस द्वारा अग्निपथ योजना को खत्म करने की घोषणा पर मीडिया सेल ने कहा कि कांग्रेस देश को हिंसा व अराजकता के दलदल में झोंकना चाहती हैं, सेना के लिए इनके पास कोई नीति नहीं हैं, इनके कार्यकल में सेना के लिए न तो गोला बारूद था, न ही सेना के जांबाज जवानों के लिए बुलेट प्रुफ जैकेट तक दे पा रहें थे।

जबकि दूसरी ओर मोदी जी की सरकार ने चीन व पाकिस्तान की सीमा पर सड़कों का जाल बिछाया, रेलवे लाइनों का विस्तार किया व दुर्गम क्षेत्रों के लिए टनल बनाए और भारत को सामरिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, अब देश की नौसेना पूरी तरह स्वदेशी हो गई हैं, इन्हें विदेशों से हथियार खरीदने की जरूरत नहीं रही। थल सेना व वायु सेना को भी आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है ताकि हम विदेशों से हथियार खरीदना बंद कर दे। अब भारत हथियार खरीदने वाला देश नहीं बल्कि हथियार बेचने वाला देश बन गया है, ऐसे में सेना को लेकर कांग्रेस की कोई भी घोषणा बेमानी ही कही जाएगी। भाजपा मीडिया सेल प्रभारियों योगेश दत्त मिश्रा, अशोक लोहिया व अमर लालवानी ने आगे कहा की सामाजिक न्याय के नाम पर कांग्रेस समाज में फूट डालने की कोशिश कर रही हैं जातिगत जनगणना कराकर भारत को विभाजित करने का कुत्सित षड़यंत्र हो रहा हैं। मोहब्बत की दुकान के नाम पर नफरत की दीवारे खड़ी की जा रही हैं। भारत को जातीय आधार पर बांटने की कोशिशों का देश की जनता मुहतोड़ जवाब देते आ रही हैं, और आगे भी देगी।

कांग्रेस का घोषणा पत्र चुनाव घोषणा पत्र न होकर देश की अस्मिता, एकता व अखंडता को नष्ट करने वाला है। भाजपा मीडिया सेल ने आगे कहा की अब जब कांग्रेस पिछ्ले एक दशक से देश की सत्ता से दूर हैं तो उन्हे फिर से गरीबों की याद आ रही हैं। जब देश की केन्द्रीय सत्ता कांग्रेस के पास थी तब उन्हे कभी भी देश में गरीबी नहीं दिखी। गरीबी हटाओं का नारा देते-देते देश की राष्ट्रीय राजनीति से कांग्रेस स्वयं हटकर बहुत दूर चली गई जबकि इसके उलट मात्र कुछ वर्षो में ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाकर यह बता दिया की कथनी व करनी में क्या अंतर होता हैं।

जिला कांग्रेस सेवा दल की बैठक संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव शहर जिला कांग्रेस सेवा दल एक बैठक लोकसभा चुनाव 2024 कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री को विजय दिलाने के लिए अमित खंडेलवाल शहर अध्यक्ष की आवाहन पर आहूत की गई जिसमें राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ इंचार्ज प्रताप नारायण मिश्रा एवं दुर्ग संभाग प्रभारी महासचिव जे.आर.साहू. का राजनांदगांव की बैठक में आगमन हुआ एवं जिसमें मुख्य रूप से सभी शहर सेवा दल के साथीगण उपस्थित रहे एवं राजनंदगांव लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चुनाव प्रचार-प्रसार के संबंध में चर्चा की गई।

राजनांदगांव शहर सेवादल के कार्यकर्ताओं के द्वारा यह तय किया गया की (1) वार्ड स्तर पर जाकर हर घर पर प्रचार करेंगे (2) धनलक्ष्मी योजना का घर-घर जाकर फॉर्म भरवाएंगे (3) सुबह राजनांदगांव शहर के जो पार्क है वहां जाकर सेवा दल के कार्यकर्ता आम जनता से कांग्रेस प्रत्याशी को विजय दिलाने के लिए चर्चा करेंगे। उक्त जानकारी खिलेश बंजारे द्वारा दी गई। अतः बैठक की समाप्ति के पश्चात राष्ट्रीय सचिव प्रताप नारायण मिश्रा के साथ वार्ड नंबर 40 में धनलक्ष्मी योजन फार्म भराया गया।

आज राजपूत उपसमिति का होली मिलन

डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगाव राजपूत उपसमिति 1282 रहटादाह का होली मिलन उप समिति भवन डोगरगांव मे 7 अप्रैल रविवार दोपहर दो बजे रखा गया, जिसमें समाजिक बन्धुओं से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील समाज के अध्यक्ष अमर सिंह ठाकुर ने किया है।

न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202403090200064

विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:-राजस्व सन:-2023-24
बखरूटोला प.ह.नं. 00008 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार - खिलावन दास साहू
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खिलावन दास साहू पिता पुहुप दास जाति तेली ग्राम बखरूटोला तहसील-छुरिया, जिला-राजनांदगांव द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक का पुत्र करण कुमार साहू का जन्म 15/05/2002 को हुआ हैं जिसके जन्म का पंजीयन आवेदक भूलवश नहीं करा पाया है जिसके फलस्वरूप आवेदक द्वारा अपने पुत्र करण कुमार साहू का जन्म दिनांक 15/02/2002 को दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, पंचनामा, अनापत्ति प्रमाण पत्र, अनुपल्बधता प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई 12/04/2024 को उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति स्वयं/वकील/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/03/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार, तहसील छुरिया

न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202403090200063

विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:-राजस्व सन:-2023-24
बखरूटोला प.ह.नं. 00008 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार - खिलावन दास साहू
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक खिलावन दास साहू पिता पुहुप दास जाति तेली ग्राम बखरूटोला तहसील-छुरिया, जिला-राजनांदगांव द्वारा न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक का पुत्र रितेश कुमार साहू का जन्म 08/12/2004 को हुआ हैं जिसके जन्म का पंजीयन आवेदक भूलवश नहीं करा पाया है जिसके फलस्वरूप आवेदक द्वारा अपने पुत्र रितेश कुमार साहू का जन्म दिनांक 08/12/2004 को दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, पंचनामा, अनापत्ति प्रमाण पत्र, अनुपल्बधता प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई 12/04/2024 को उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति स्वयं/वकील/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/03/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार, तहसील छुरिया

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में

रोजाना 4 खेल

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

मां कर्मा जयंती के शुभअवसर पर पापकार्न फिल्मस् की प्रस्तुति

मेरी मां कर्मा

(छत्तीसगढ़ी भाषा में)

कलाकार - ओंकारदास मानिकपुरी, कुकी स्वाएन, अल्का अमीन, सानंद वर्मा, इश्तियाक खान, सुनिता राजवर, भगवान तिवारी आदि

ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

Paytm book my show | SILVER SCREEN MULTIPLEX 05th To 11th April 2024 | silver SCREEN

Crew - 03:00, 06:30 & 09:00 pm

Godzilla x Kong The New Empire - 12:30, 03:30 & 09:30 pm

Shaitaan - 12:00 and 06:00 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) | 8085600200

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव

ईश्तहार

रा.प्र.क्रं. 202402092100040 - अ/8(अ)-वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार पिता शंकर जाति मरार, निवासी ग्राम शिवपुरी, पोस्ट ढारा, थाना व तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा जनदर्शन दिनांक 05/02/2024 को आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया है कि आवेदक के निजी भूमि स्वामित्व में ग्राम शिवपुरी, प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में खसरा नंबर 602 का रकबा 0.567 हे. लगानी भूमि स्थित है। जो कि मेरे ऋण पुस्तिका में दर्ज है जो सही है। मैं आवेदक अपने उपरोक्त भूमि पर काबिज होकर कास्त कर रहा हूं। ऑनलाईन में खसरा, बी-1 में खसरा नंबर 602 रकबा 0405 हे. दर्ज किया गया है। जो कि मेरे ऋण पुस्तिका तथा कास्त कब्जा के अनुसार कम है। उपरोक्त निजी भूमि स्वामित्व हक वो आधिपत्य की भूमि का रकबा ऋण पुस्तिका एवं कब्जा के अनुसार दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ तलवाना, बी-1 ऋण पुस्तिका की छायाप्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 15/04/2024 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते हैं। निर्धारित बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

दिव्यांगजनों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए सुरुचि सिंह ने की अपील

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग निश्चित रूप से करने एवं लोकतंत्र के पर्व में सहभागिता बनने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक 6 अप्रैल दिन शनिवार को समाज कल्याण विभाग के सौजन्य से नगर में संचालित दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान अभिलाषा राजनांदगांव में किया गया। जिसमें लगभग 100 से अधिक दिव्यांगजन शामिल हुए जिसमें अस्थिबाधित, दृष्टिबाधित, श्रवण बाधित दिव्यांग मतदाता शामिल हुए व मतदान करने की प्रतीज्ञा ली ।

इस कार्यक्रम को सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह द्वारा सभी उपस्थित दिव्यांग मतदाताओं को संबोधित करते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दिया गया। समस्त दिव्यांग मतदाताओं एवं नवीन दिव्यांग मतदाताओं से सत प्रतिशत मतदान करनें एवं अपने परिवार के सदस्यों मित्रों को भी प्रेरित करने की अपील करते हुए मताधिकार के उपयोग के संबंध में रोचक जानकारी देते हुए दृष्टि बाधित श्रवणबाधित एवं अस्थिबाधित मतदाताओं से मतदान केन्द्र में मतदान दिवस को होने वाली कठिनाईयों के बारे में जानकारी लेते हुए पूर्व में मतदान कर चूके दिव्यांग मतदाताओं से किसी प्रकार की हुई समस्या के संबंध में जानकारी लिया गया, साथ दिव्यांग मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी जा रही सुविधा के संबंध में विस्तारपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान करना न केवल हमारा अधिकार है बल्कि हमारा कर्तव्य भी है, आप सभी अपने घरों के प्रत्येक सदस्यों को मतदान के लिए अवश्य प्रोत्साहित करें। उद्बोधन पद्धचात उपस्थित समस्त मतदाओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन में बढ़ चढ़कर मतदान करने हेतु शपथ दिलाया गया, कार्यक्रम में उपस्थित मुक बधिर दिव्यांग मतदाताओं को विशेष शिक्षक श्रीमती पद्मा साहू द्वारा साइन लेग्वेज के माध्यम से जानकारी दिया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वारा किया गया व आभार प्रदर्शन उप संचालक समाज कल्याण बी.एल. ठाकुर द्वारा किया गया।

कार्यकम में बी.एल. ठाकुर उप संचालक समाज कल्याण जिला राजनांदगांव श्रीमती रश्मि सिंह डी.पी.ओ. डी.आई.एम.ए., मनोज मरकाम ए.पी.सी. गायकवाड शासकीय बौद्धिक मंदता वाले विशेष विद्यालय से श्रीमती दिप्ती देवांगन प्रभारी अधीक्षक, शिक्षक महेन्द्र सोनवारने सहित अभिलाषा के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव सहित समस्त स्टॉफ आस्था मूकबधिर विशेष विद्यालय से श्रीमती पद्मा साहू एवं समस्त स्टॉफ और मनोकामना मनोविकास शाला से समीर क्षत्री एवं के शिक्षक शिक्षिकाएँ, दिव्यांग बहुउद्देशीय कल्याण संगठन राजनांदगांव से अध्यक्ष सुश्री लक्ष्मी साहू, सचिव नरेन्द्र देवदास, कोषाध्यक्ष मनोहर साहू भोज चंद्रकांत सहित सदस्य गण उपस्थित हुए।

शुभांक

अनुमानित

बी. के.

148-3 123-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

हिन्दू नववर्ष पर शहर में निकलेगी भव्य शोभायात्रा

आदिवासी नृत्य, पंथी-सुआ नृत्य व भजन-कीर्तन का मधुर गान बने रहेंगे आकर्षण के केंद्र

शोभायात्रा में बाल हनुमान की भव्य झांकी सहित भारत माता व झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का होगा दिग्दर्शन

बिखरेगी, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद व देशभक्ति की अनुपम छटा

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी के संस्कारों के अनुरूप इस वर्ष भी सनातन धर्म महासभा परिवार द्वारा हिन्दू नववर्ष अवसर पर 9 अप्रेल मंगलवार को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस संबंध में सनातन धर्म महासभा सेवा परिवार के प्रदेश प्रमुख संतोष पटाक, राकेश इंदुभूषण ठाकुर, अधिवक्ता -कमल किशोर साहू, राकेश ठाकुर शिव वर्मा, हरिश गांधी श्रीमती सुषमा सिंह, मौसमी शर्मा व सेवानिवृत्त सैनिक राजेश शर्मा द्वारा लिए गए प्रेस वार्ता में बताया गया कि सनातन धर्म महासभा परिवार द्वारा चैत्र नवरात्र विक्रम संवत 2081 हिन्दु नववर्ष के शुभ अवसर पर बालाजी मंदिर गंज लाइन से दोपहर 2 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है।

उक्त शोभायात्रा को विशेष रूप सांस्कृतिक राष्ट्रवाद व देशभक्ति से जोड़ते हुए लोगों को मुख्य रूप से भारत माता व झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई का दिग्दर्शन कराया जाएगा। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से बाल हनुमान की भव्य झांकी व आदिवासी नृत्य सुआ-पंथी नृत्य तथा, बैण्ड बाजे व धुमाल पार्टी, डी.जे. के साथ मधुर भजन गायन आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे।

दो वर्षों से निकाली जा रही शोभायात्रा

सनातन धर्म महासभा परिवार के संतोष पटाक ने बताया कि हिंदू धर्म के नववर्ष के स्वागत अभिनन्दन पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकालने का कार्यक्रम पिछले दो वर्ष से जारी है जिसका हर वर्गों का साथ व सहयोग मिल रहा है।

वहीं सुषमा सिंह ने कहा कि हमें अंग्रेजी कैलेंडर के हिसाब से 1 जनवरी को नया वर्ष मनाना उचित नहीं है। हम सनातन धर्मियों को चैत्र माह की प्रतिपदा पर हिंदू नववर्ष का स्वागत अभिनन्दन करना चाहिए। राकेश इंदुभूषण ठाकुर ने कहा कि हम समस्त सनातनी जन रंगो का त्योहार होली मनाकर फाल्गुन माह में जाने वाले वर्ष को धूमधाम से विदा करते हैं वहीं चैत्र प्रतिपदा के दिन नव संवत्सर लगते ही नवरात्र में शक्ति आराधना के साथ नववर्ष का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया जाता है। हरिश गांधी ने कहा कि हम सभी सनातन धर्मी एक हों, बंटेंगे तो कटेंगे।

शोभायात्रा का नगर भ्रमण

इस दौरान शिव वर्मा व कमल किशोर साहू ने कहा कि नवरात्र मंगलवार चैत्र प्रतिपदा के दिन बालाजी हनुमान मंदिर गंज चौक से दोपहर 2 बजे धूमधाम के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस विशाल शोभायात्रा का शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए भ्रमण होगा। जिसमें बालाजी मंदिर से गंजलाइन होते हुए तिरंगा चौक रामाधीन मार्ग, सुरजन गली होते हुए कामठी लाइन, भारत माता चौक, आजाद चौक, मानव मंदिर चौक, गांधी चौक दुर्गा चौक व सदर बाजार, जैन श्वेताम्बर मंदिर होते हुए रामदेव बाबा मंदिर होकर वापस बालाजी मंदिर पहुंचेगी। जहाँ भगवान हनुमान जी को भोग लगाकर भक्त जनों में प्रसादी वितरण किया जाएगा।

इस दौरान सनातन धर्म सेवा परिवार के संतोष पटाक सहित उपरोक्त जनो व प्रियंक सोनी, गोवर्धन खण्डेलवाल, चंद्रेश जैन, राजेश शर्मा, सैनिक संघ, सौरभ खंडेलवाल, मिथलेश शर्मा, नागेश यदु महिला मंडल के मौसमी शर्मा, सुषमा सिंह सहित ममता सोनी, अनुराधा लोहिया, ममता शर्मा, पायल शर्मा, रंजना शर्मा, मीना पाण्डेय, रोशनी रायचा आदि उपस्थित रहेंगी।

सनातन धर्म महासभा परिवार द्वारा सभी सनातन धर्मियों व सर्व हिन्दु समाज सहित शहर की सभी समाज के धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से अनुरोध किया गया है कि वे अपने-अपने समाज व सभी धार्मिक हिन्दु संगठनो की बैठकें लेकर दिनांक 9 अप्रैल मंगलवार को अपने घर-परिवार के लोगों सहित ईष्ट-मित्रों को साथ लेकर दोपहर 2 बजे बालाजी मंदिर गंज चौक की उक्त शोभायात्रा में शामिल होवें और सत्य सनातन धर्म, हिन्दू एकता एवं एकजुटता का परिचय देवें।

प्रदेश कांग्रेस महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला समेत 500 ने ली भाजपा की सदस्यता

राजनांदगांव (दावा)। कवर्धा की इस महती सभा में प्रदेश कांग्रेस महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला समेत 500 लोगों ने भाजपा में प्रवेश किया। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री साय, उप मुख्यमंत्री द्वय श्री साव व श्री शर्मा समेत भाजपा नेताओं की उपस्थिति में सबका भाजपा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। सभा में छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला के अलावा जिला उपाध्यक्ष मुंगेली शोभाराम कश्यप, कांग्रेस किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सिद्धार्थ चंद्रा, मनोज गेंद्रे (पार्षद प्रतिनिधि), तीजन गेंद्रे (पार्षद), ममता गेंद्रे (पार्षद), संजय बर्मन, बिसेन बंजारे, कार्तिक राते, अशोक गेंदरे, भागवत जांगड़े, राजकुमार बंजारे, दुर्गेश बर्मन, काशीराम बैगा, अश्वनी यदु (सभापति जनपद पंचायत पंडरिया), केवल चंद्रवंशी दल्पुरवा विधानसभा कवर्धा, लक्ष्मीचंद जैन शहर कवर्धा विधानसभा कवर्धा, रंजीत वर्मा बैहरसरी कवर्धा विधानसभा, मुकेश चंद्राकर कवर्धा शहर विधानसभा कवर्धा, नेमसिंह यादव सहसपुर लोहारा कवर्धा विधानसभा, अंजोरदास कोसले प्राणखैरा पंडरिया विधानसभा, कामेश साहू निन्गापुर पंडरिया विधानसभा, छन्नू गंधर्व सहसपुर लोहारा विस कवर्धा सोनू पटेल सहसपुरलोहारा विस कवर्धा रघुनन्दन यादव स/लोहारा विस कवर्धा, बली ध्रुवे स/लोहारा विस कवर्धा, किशन मानिकपुरी, सतानंद, सोनू, कमल किशोर, महेंद्र, अभिषेक, तेज कुमार कापा, चुम्मन पाहू कापा, प्रेम कुमार साहू कापा, टेकराम साहू कापा, भीखम साहू खैरबना कला, दिनेश साहू, कमल पटेल यशवंत कुंभकार, प्रदीप साहू, डेरहा साहू, येसराम, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस, जोगी कांग्रेस के 500 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली।

घर में चोरी छिपे चल रहा था IPL सट्टा, पुलिस ने दी दबिश, चार आरोपितों को किया गिरफ्तार

रायपुर। इन दिनों आइपीएल की धूम मची हुई है, मैदान पर चौके-छक्के लग रहे हैं तो वहीं मैदान से बाहर आइपीएल पर आनलाइन सट्टा भी चल रहा है। पुलिस ने एक मकान में छापा मारकर दो अंतरराज्यीय सहित कुल चार सटोरिओं को सट्टा बुक करते हुए गिरफ्तार किया है। सटोरिए पैनल लेकर सट्टा का संचालन तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत वीआइपी रोड स्थित गोल्डन स्काई ग्राउंड एंपेरिया स्थित एक मकान में सेटअप तैयार कर सट्टा का संचालन कर रहे थे।

पुलिस ने सौरभ प्रेमचंदानी निवासी वीआइपी रोड थाना तेलीबांधा रायपुर, निखिल धामेजा निवासी महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड सिंधी कालोनी थाना कोतवाली, सिवनी मप्र, मनीष दौलतानी निवासी बिल्डर बैराजी टाउन थाना सदर, नागपुर महाराष्ट्र और आयुष्मान आहूजा निवासी शांतिनगर रायपुर को गिरफ्तार किया गया है। सटोरियों के कब्जे से दो नग लैपटाप, 14 नग मोबाइल फोन एवं करोड़ों रुपये के सट्टा का हिसाब जब्त किया गया। आईपीएल में रोमांच के बीच राजधानी में इन दिनों सट्टे का धंधा जोरों पर है। दूसरे जिले और राज्य से आकर सट्टा संचालित कर रहे हैं। हालांकि पुलिस भी लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम को गुरुवार को सूचना मिली कि तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत वीआइपी रोड स्थित गोल्डन स्काई ग्राउंड एम्पेरिया के एक मकान में कुछ व्यक्ति सेटअप तैयार कर आइपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा का संचालन कर रहे हैं। सूचना पर क्राइम और थाना तेलीबांधा पुलिस की संयुक्त टीम उक्त स्थान पर छापा मारकर चारों सटोरियों को पकड़ा।

उपभोक्ता आयोग में नियुक्ति फर्जीवाड़ा के सूत्रधार हैं भूपेश बघेल-भाजपा विधि प्रकोष्ठ

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस राज में कोल घोटाला, शराब घोटाला, पी.एस.सी. फर्जीवाड़ा के चर्चे जग जाहीर हुए हैं, उसी प्रकार जनता से सीधा जुड़ा हुआ उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति में भारत के राजपत्र के नियमों की धज्जी उड़ाकर कार्यवाही हुई है उसके सूत्रधार भूपेश बघेल हैं ऐसे व्यक्ति को राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की जनता औंधे मुंह गिरते हुए पराजित करेगी।

भाजपा मीडिया सेल से जारी विज्ञप्ति के अनुसार भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अधिवक्ता विकास तिवारी ने बताया कि जो भूपेश बघेल आज संविधान की बड़ी-बड़ी बात करते घूम रहे हैं वे खुद अपने राज में भारत के राजपत्र के नियमों की जो धज्जी उड़ाकर उपभोक्ता फोरम मे नियुक्ति का फर्जीवाड़ा का शर्मनाक खेल खेलते हैं इस लिए उनको तो कानून और संविधान का बात करने का अधिकारी नहीं हैं, उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति के लिए

भारत सरकार ने नया नियम बनाकर भारत के राजपत्र में नियुक्ति के लिए नियम कानून बनाये थे। जिसके तहत आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त होने के 06 माह पूर्व विज्ञापन जारी कर नियुक्ति की कार्यवाही करना था लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पद रिक्त होने के एक साल तक नियुक्ति की कार्यवाही नहीं क्या गया था ऊपर से फटकार लगने के बाद विज्ञापन जिला स्तर के पेपरों में ना छपवाकर साजिश पूर्ण नियुक्ति के लिए चयन समिति के द्वारा पैनल की सिफारिश ना करते हुए सीधे नाम चयन एवं वेटिंग नाम चयन कर भारत के राजपत्र के विपरीत काम किया, चयन समिति को नाम चयन करने का अधिकार ही नहीं था।

उसे पैनल जिसमें 2 से अधिक नाम हो सकते थे, भेजना था लेकिन चयन समिति के द्वारा किए गए नाम चयन जिसे भूपेश बघेल की सरकार ने सहमति प्रदान कर इस फर्जीवाड़ा को मान्य किया। यहां तक की फाइनल चयन के लोगों के कार्य वृतों का परीक्षण एवं सत्यापन करने का प्रावधान भी राजपत्र में होने के बाद परीक्षण एवं सत्यापन न कराकर महीनों तक सूची को रोकते हुए वसूली के लिए फर्जीवाड़े वाली सूची की नियुक्तियाँ कर दी गई। जनता से सीधे जुड़े विभाग में भी भारत के राजपत्र के नियम कानून की धज्जी उड़ाकर कोल रायल्टी दलाली, शराब घोटाला, पीएससी फर्जीवाड़ा, गोबर घोटाला, राजीव मितान घोटाला जैसे घोटालों की लंबी फेहरिस्त को चलते ही उपभोक्ताओं के लाभ के लिए बनाए गए आयोग मे भी नियुक्ति फर्जीवाड़ा कर छत्तीसगढ़ को शर्मसार करने का काम भूपेश बघेल ने किया हैं। अब राजनांदगांव लोकसभा चुनाव में जनता उनको बुरी तरह हराकर औंधे मुंह गिराएगी एवं घर बैठने का काम करेगी।

भाजपा के स्थापना दिवस पर जिला भाजपा कार्यालय में झंडारोहण किया गया

राजनांदगांव (दावा)। देश सेवा के संकल्प को समर्पित भाजपा रुपी छोटे से पौधे को अपनी मेहनत, त्याग एवं लगन से विश्व के सबसे राजनीतिक दल जैसा वटवृक्ष बनाने वाले सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं तथा संस्थापक सदस्यों को सादर प्रणाम इस शुभ अवसर पर देश के प्रधान सेवक नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित भाजपा के सभी पदाधिकारियों को भी आत्मीय बधाई देता हूं, जिनकी देशभक्ति विचारधारा, सुशासन और विकास निति से प्रभावित होकर आज देश का हर वर्ग पार्टी के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। इस अवसर पर बीजेपी पार्टी मुख्यालय में साजा के पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष एवं प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, उत्तर मंडल प्रभारी रवि सिन्हा, उत्तर मंडल उपाध्यक्ष संदीप भट्टाचार्य, बीजेपी नेता गेमु कुंजाम उपस्थित थे।

जिला साहू सदन में मां कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिह साहू एवं जिला अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देशानुसार माँ कर्मा जयंती के पावन अवसर में पापमोचनी एकादशी शुक्रवार 05 अप्रेल को पूरे छत्तीसगढ़ के साथ ही जिला साहु संघ में सुबह 11 बजे माँ कर्मा की महाआरती कर उत्साह उल्लासपूर्ण वातावरण में माँ कर्मा मंदिर में पूजा अर्चना कर मनाया गया। सामाजिक पदाधिकारियों ने अपनी दी कार्यक्रम जिला अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन नीलमनी साहू महामंत्री द्वारा किया गया।

उक्त कार्यक्रम में भागवत साहू अध्यक्ष, विष्णु साव, नंदू राम साहू सलाहकार, कमल किशोर साहू संरक्षक, कुलेश्वर साहू अध्यक्ष नगर साहू संघ, श्रीमती पूर्णिमा साहू प्रदेश उपाध्यक्ष, श्रीमती भेष बाई साहू, श्रीमती राजेश्वरी साहू, श्रीमती नीरा साहू उपाध्यक्ष, श्रीमती अंजु साहू अध्यक्ष, तिजेश्वरी साहू संयोजिका ने मां कर्मा के आदर्शो को बताया समाज को उक्त कर्मो को पालन अपने जीवन में करने की प्रेरणा दी।

शैलेंद्र साहू नोबल साहू, महेन्द्र साहू, माधव साहू, यशवंत साहू, मिलाप साहू, परदेशी साहू, ईश्वर साहू, रुपेश साहू, अनिल साहू, छन्नू साहू, तिजेंद्र साहू, नीलकंठ साहू, शिव कुमार साहू, जमुना साहू, श्रीमती अंजु साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती लीना साहु, मुनेश्वरी साहू, तिलेश्वरी किरण साहू, मोतीम साहू, माया साहू, गिरिजा साहू, चन्द्र प्रभा, लिकेश्वरी साहू, पुर्णिमा साहू, गायत्री साहू, लीला साहू शोभा देवी, कौशिक साहू, ममता साहू, गीता साहु फरहद, केशरी साहु खिलेश्वरी साहू, मंजू साहू, अभिषेक साहू, खेम साहू, दिनेश साहू, पवन कुमार साहू, भोज राम गंजीर, मोमेश साहु, दीपक साहू, जगमोहन साहू, तुकाराम आदि प्रमुख सामाजिक बंधु उपास्थित रहे। खिचड़ी का भोग लगा कर महाप्रसादी, प्रसाद वितरण किया गया, संध्याकालीन बेला मे अपने घर आंगन मे रंगोली इत्यादि बनाकर पांच दीपक जला कर रौशनी कर जयंती मनाई गई।

भारतीय जनता पार्टी की शक्ति केंद्र स्तरीय बैठकें सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के उम्मीदवार संतोष पांडे के लिए बूथ विजय अभियान पर चर्चा व समीक्षा के लिए पार्टी ने 42 शक्ति केंद्र स्तरीय बैठकों का कार्यक्रम शुरु किया था जिसे आज पूरा कर लिया गया। राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र में कुल 223 मतदान केंद्रों को पार्टी ने संगठनात्मक दृष्टि से शक्ति केंद्रों में विभाजित कर रखा हैं, इन सभी शक्ति केंद्रों में पार्टी के डेढ़ दर्जन से भी अधिक बड़े नेताओं ने इस अभियान को सफल बनाया। इस दौरान मतदान केंद्र स्तर के कार्यकर्ताओं से चर्चा कर बूथ विजय अभियान की समीक्षा की गई।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला भाजपा के उपाध्यक्ष सावन वर्मा ने इस पूरे अभियान का विस्तृत ब्योरा जारी करते हुए बताया की इन बैठकों में शक्ति केंद्र के संयोजक, सहसंयोजक व प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव, बूथ पालक एवं शक्ति केंद्र के वरिष्ठ नेता, नेता व कार्यकर्ता, शक्ति केंद्र के अंतर्गत रहने वाले विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, तथा पुराने कार्यकर्ता व समाज प्रमुखों को इन बैठकों में आमंत्रित किया गया था। इन सभी की उपस्थिति में बूथ विजय अभियान को लेकर व्यापक तैयारियां की गई। बैठक में बूथ स्तर पर सभी कार्यकर्ताओं के घरों में भाजपा के झंडे लगाना, वाल पेंटिंग करना, सभी बूथों पर चाय पर विशेष चर्चा हो कुछ इस तरह के आयोजन हो जिसमें पार्टी का जनाधार कैसे बड़े इस पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए।

मीडिया सेल के विज्ञप्ति के अनुसार शक्ति केंद्र स्तरीय इन बैठकों में प्रमुख रूप से लोकसभा क्षेत्र के सहसमन्वयक खूबचन्द पारख, संयोजक मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, नीलू शर्मा, दिनेश गांधी, राजेन्द्र गोलछा, कोमल सिंह राजपूत, शिव वर्मा, लीलाधर साहू, अतुल रायजादा, तरुण लहरवानी, रोहित चंद्राकार, कृष्णा तिवारी, विवेक साहू, मनोज साहू, दिनु गुप्ता सहित पार्टी के अनेक नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सिरकत की।

चैत्र नवरात्रि के लिये निगम ने किये व्यापक प्रबंध

राजनांदगांव (दावा)। 6 अप्रैल कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा बैठक में दिये गये निर्देश के परिपालन में नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने चैत्र नवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते हुये तकनीकी व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को मूलभूत सेवा कार्यो के सुचारू संपादन के लिये तीन पालियो में दायित्व सौपा है। उन्होंने चैत्र नवरात्रि पर्व में पदयात्रियों की सेवा एवं सुविधा के लिये नगर निगम सीमा के सेवा पंडालों में मूलभूत एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिये तीन पालियों में तकनीकी एवं स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। उक्त कर्मचारी सेवा पंडालों में 24 घण्टे कार्यो का संपादन करेंगे।

आयुक्त ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सौपा दायित्व

निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि उपरोक्त कार्यो के क्रियान्वयन के लिये नोडल अधिकारी सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम मो.नं. 8319726288 को एवं प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम मो.नं. 8319070267 को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। शहर के स्टालो में टैंकरों से पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था के लिये प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक उप अभियंता दीपक कुमार महला मो.नं. 8815190699 को इनके सहयोगी सुश्री सुषमा साहू मो.नं. 7828523391 को, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक उप अभियंता तिलक राज ध्रुव मो.नं.9907002411 को इनके सहयोगी अनिमेष चंद्राकर मो.नं. 9669011211 को, रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम मो.नं. 8319070267 को इनके सहयोगी डागेश्वर कर्षे मो.नं. 8349505814 को व्यवस्था प्रभारी बनाया गया है। साथ ही शहर के स्टालों में टैंकरों से पेयजल व्यवस्था के लिये प्र.मोटर प्रतिपालन सुरेन्द्र साव मो.नं. 9425564327 को व परिचालक रविकांत साहू मो.नं. 8815190668 को दायित्व सौंपा गया है। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि सफाई व्यवस्था हेतु स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल मो. नं. 7000425234 को प्रभारी अधिकारी तथा सहायक वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा मो.नं. 9303947901 को बनाया गया है एवं प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्र.सफाई दरोगा वरूण सोनी मो.नं. 8839966872 को, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्र.स्वच्छता निरीक्षक भूषण मेश्राम मो.नं. 7587493435 को एवं रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव मो.नं. 7587160345 को दायित्व सौपा गया है।

इसके अलावा सहायक अभियंता प्रणय मिश्रा मो.नं. 8319726288 को सम्पूर्ण विद्युत व्यवस्था प्रभारी एवं उप अभियंता दीपक कुमार महला मो.नं. 8815190699 को व लाईनमेन किशन गांवरे मो.नं. 8889653352 को सहायक बनाया गया है। उपरोक्त प्रभारी एवं सहयोगी अधिकारी व कर्मचारी प्रातः से रात्रि तक तीन पाली में अपने-अपने दायित्व का निर्वाहन करेंगे।

मतदान दल एवं माइक्रोआब्जरर्वर का किया गया द्वितीय रेण्डमाइजेसन

राजनांदगांव (दावा)। सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन, व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की उपस्थित में आज एनआईसी कक्ष में मतदान दल एवं माइक्रोआब्जर्वर का द्वितीय रेण्डमाइजेसन किया गया। सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेण्डमाइजेसन किया गया गया और मतदान दल का गठन करने के साथ ही विधानसभा आबंटित किया गया। मतदान दल अंतर्गत पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी-1, मतदान अधिकारी-2, मतदान अधिकारी-3 के लिए डोंगरगढ़ विधानसभा, राजनांदगांव विधानसभा, डोंगरगांव विधानसभा एवं खुज्जी विधानसभा का आबंटन किया गया।

इसी तरह माइक्रोआब्जर्वर का भी द्वितीय रेण्डमाइजेसन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

टाईल्स दुकान से 50 हजार का टाईल्स चोरी करते पकड़े गए बाप-बेटे

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले फरहद चौक स्थित एक टाईल्स दुकान में काम करने वाले बाप-बेटे ने उक्त दुकान से लगभग 50-60 हजार रूपए के टाइल्स चोरी करने का प्रयास किया। इस जुगत में वे दोनों टाईल्स दुकान मालिक के हाथों रंगे हाथ पकड़े गए।

श्री कटारिया ने दोनों को बसंतपुर पुलिस के हवाले भी किया लेकिन अचरज की बात यह रही कि उक्त दुकान मालिक ने उन दोनों बाप-बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं कराया। लेकिन बसंतपुर थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन ने इस पर रियायत न बरतते हुए दोनों अपराधी के खिलाफ धारा 151 के तहत मामला दर्ज कर हिरासत में लिया और उन्हें जेल की सीखचों के पीछे जाने की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी है। श्री देवांगन ने बताया कि टाईल्स दुकानदार द्वारा दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं कराए जाने पर उनके हौसले भी बढ़ जाते और फिर किसी दुकान या अन्य जगहों पर चोरी के काम को अंजाम देते। इसलिए उन्हें उनकी करनी की सजा भुगतने देने के लिए

पुलिस ने दोनों को लिया हिरासत में.... भेजा जाएगा जेल

151 धारा के तहत उन पर कार्रवाई की गई।

डोंगरगांव में भी किए थे चोरी

बसंतपुर थाना प्रभारी श्री देवांगन ने बताया कि डोंगरगांव निवासी दोनों आरोपी प्रवीण चौरे व प्रकाश चौरे जो रिश्ते में बाप-बेटे है से पूछताछ किए जाने पर बताया कि वे दोनों फरहद चौक स्थित टाईल्स दुकान में काम करने से पहले डोंगरगांव के किसी टाईल्स दुकान में काम करते थे। वहां भी उक्त टाईल्स दुकान के मालिक को बिना-पुछे बिना बताए टाईल्स बेचकर पैसे रख लिए थे।

उक्त आरोप के पश्चात वहा से दोनों को निकाल बाहर कर दिया गया था। इसके बाद वे दोनों बाप-बेटे जो बसंतपुर थाना क्षेत्र के फरहद चौक समीप स्थित श्री सांई महिमा इंटरपाईज-टाईल्स वर्ल्ड में काम कर रहे थे। इसमें प्रवीण चौरे पिता प्रकाश चौरे द्वारा शुक्रवार की दोपहर 2 बजे उक्त दुकान के पनेका रोड स्थित गोदाम से 50-60 हजार का माल बिना मालिक की जानकारी व बिना किसी बिल के माल गाड़ी में लोड करवा रहा था। इस दौरान मालिक कटारिया के पहुंचने पर दोनों बाप बेटे रंगे हाथ पकड़े गए। इस समय गाड़ी में 40 से 45 हजार का टाईल्स लोड हो चुका था। पकड़े जाने पर दोनों ने एक-दूसरे का नाम लिया। कटारिया ने दोनों को बसंतपुर पुलिस के हवाले कर दिया। दिक्कत की बात यह कि टाईल्स मालिक कटारिया ने उन दोनों बाप-बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज क्यों नहीं करवाई यह रहस्य का विषय बना हुआ है।

संतोष पाडे का आज घुमका आगमन

घुमका (दावा)। घुमका में आज संतोष पांडे लोगों को चुनावी सभा में रणनिति तैयार करने एवं अपने लोगों से रूबरू होंगे। इसमें दिलीप पटेल (जनपद), दीपक वर्मा, भोपेन्द्र सिन्हा, अनिल सिंह, लक्की साहू, किशोर साहू, गंगेश्वर वर्मा, मकसूदन वर्मा, बाहूल वर्मा, रघुनंदन वर्मा, सूरज पात्रे, ओमप्रकाश यादव, चेतन वर्मा, सौरभ ठाकुर, दाऊ लाल, रवि पटेल इत्यादि लोगों का विशेष योगदान रहा।

अनमोल दावा

"कोई भी व्यक्ति जो अच्छा काम करता है, उसका कभी भी बुरा अंत नहीं होगा, चाहे इस काल में हो या आने वाले काल में।

सम्पादकीय

स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नकली दवाओं के निर्माण-व्यापार में अंकुश लगेगा?

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं और उपचार पर नकली दवाओं ने सवालिया निशान लगाया है। नकली दवाओं का अमानवीय व्यापार पूरे देश में सुनियोजित चल रहा है। इस कारण, मानव-जीवन ही जोखिम में है। विडम्बना यह, कि दवा निर्माता कम्पनियों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण के नियमों के कोई मायने ही नहीं हैं। क्यों कि, कम्पनियां खुद ही अपनी दवाओं का परीक्षण करती हैं। यह अपने आप में ही पूर्णत: अनुचित है। विश्व में एक ओर लोगों में दवाओं की गुणवत्ता बाबत जागृति का विस्तार हो रहा है। दवाओं के निर्यात में भारत भी अग्रक्रम में है। इसलिए भारत को विश्व की दवा फैक्टरी भी कहा जाता है।

ऐसी उपलब्धि के चलते जब तब नकली दवाओं की खबरें पढ़ने-देखने को मिलती हैं। नकली दवाओं का पर्दाफाश होता है। कैन्सर जैसे जटील रोगों के इलाज में नकली दवाओं का प्रवेश बहुत चिन्ता का सबब बना है। नकली दवा का निर्माण और व्यापार जघन्य अपराध है। स्वाभाविक रूप से भारत की प्रतिष्ठा को इससे ठेस पहुंची है। इसे गंभीरता से लेते हुए फार्मास्युटिकल कम्पनियों के लिए विश्वसनीय गुणवत्ता नियंत्रण नियमों को बनाने और नकली दवाओं का व्यापार करने वालों के सामने अब सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है।

भारत की आयुर्वेद चिकित्सा मौलिक, अति प्राचीन और विश्वसनीय है, यह सर्व विदित है। यह समृद्ध होने के कारण इससे करोड़ों लोग अपना इलाज कराकर स्वस्थ भी होते हैं। इस बाबत में आधुनिक चिकित्सा प्रणाली याने एलोपेथी अथवा आई.एम.ए. के साथ न कोई विवाद है, न कोई विरोध है। समस्या यह है आयुर्वेदिक चिकित्सा को लेकर लोगों को गुमराह करने की मुहिम चल रही है। वैसे, दोनों ही एलौपैथी और आयुवैद चिकित्सा प्रणाली के अंतिम उद्देश्य की पूर्ति रोगियों को स्वस्थ करने की है। इसलिए इन दोनों प्रणालियों को दुर्भाग्य से कई लोभी और अमानवीय जमात नकली दवाओं के जरिए नुकसान पहुंचाते हुवे चिकित्सा क्षेत्र को बदनाम कर रहे हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं। जीवनरक्षक दवाओं के किस्से में दवाओं को बदलने का अवसर नहीं है। इस कारण, दवाओं में मिलावट की गुंजाइश बढ़ रही है। यह अनैतिकता असहनीय हो गई है। मिलावट यह दवाओं के क्षेत्र की बड़ी विसंगिता है, दुर्घटना है। दूध में पानी मिलाना, घी में चरबी, खाद्यात्र पदार्थो में दवाओं का छिड़काव, फलों- फसलों में दवाओं का उपयोग यह चरमसीमा पर पहुंचा है। शुद्ध हवा, शुद्ध पानी भी नसीब से मिलता है। अशुद्ध खुराक विकृत अथवा नुकसानदायी है। पोषक मूल्यों का ह्रास हो रहा है। मिलावट को पकड़ने नियम हैं। खास विभाग है, जांच एंजेसिंया है, लेकिन अब यह अपर्याप्त है। यूं भी इस प्रक्रिया में भष्टाचार जनहित के प्रश्नों में बाधा बना है। जिसका कारण भी इसके जिम्मेदार लोगों में नैतिकता का अभाव है।

स्वास्थ्य रक्षा : सरकार के साथ आमजन का भी दायित्व

- सुरेश सिंह बैस शाश्वत

भारत में आबादी के मुकाबले स्वास्थ्य सेवाओं की बहुत कमी है, स्वास्थ्य सेवाओं से यह तात्पर्य नहीं है कि केवल डॉक्टरों की सुविधा ही, बल्कि डॉक्टरों के आने वाली उन कई सहायक सेवाओं से है, जिसकी मदद से डाक्टर इलाज कर पाते हैं। वही चिकित्सा क्षेत्र में विकसित एवं विकासशील देश अरबों रुपए शोधकार्य पर खर्च कर रहे हैं। पर दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि जिन बीमारियों के लिए नई-नई दवाईयां खोजी जा रही हैं वे अमीरों की बीमारियां हैं, दिल संबंधी बीमारी, उच्च रक्त चाप, कैंसर, लिवर, किडनी प्रत्यारोपण और, सबसे बड़ी अमीरों की बीमारी है एड्स। हर साल भारत सहित एशियाई देशों और अफ्रीका में लाखों व्यक्ति मलेरिया, कुपोषण, डायरिया, हैजा, डिहाईड्रेशन और टीकों एवं दवा के अभाव में दम तोड़ देते हैं, और इधर चिकित्सा विज्ञान प्लास्टिक सर्जरी के शोध करने में जुटा हुआ है। यहां यह भी गौर करने की बात है कि जिस तरह से कोरोना नामक महामारी 2019 में आई और लगभग 2024 में चली भी गई। इस अनपेक्षित महामारी ने करोड़ों की संख्या में लोगों की जान ली थी।

स्वास्थ्य की महत्ता वर्षों पूर्व नेपोलियन बोनापार्ट ने समझकर ही यह कहा था कि अगर मुझे स्वस्थ्य माएं मिले तो मैं एक सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण कर सकता हूँ। नेपोलियन की यह उक्ति आज भी प्रासंगिक है। किसी भी राष्ट्र के सुदृढ़ निर्माण में स्वस्थ्य माएं और सुसंस्कृत महिलाओं की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि वे ही तो आने वाली स्वस्थ्य पीढ़ी की जन्मदात्री हैं। संभवतः इसी सत्य को स्वीकार करते हुए भारत सहित प्रदेशों की सरकारों ने अपने वृहद स्वास्थ्य कार्यक्रम को क्रियान्वित किया है जिसके केंद्र में महिलाओं एवं बच्चों को रखा गया है, प्रदेशों की स्वास्थ्य क्षेत्र में देखा जाए तो पिछले वर्षों में कोई उल्लेखनीय प्रगति नही हो पाई है। जैसे अविभाजित मध्यप्रदेश क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़े राज्यों में है। 1991 की जनगणना के अनुसार यहां की कुल लगभग जनसंख्या 66135862 व्यक्ति मानी जाती है। लेकिन राज्य स्वास्थ्य और चिकित्सा सेवाओं की दृष्टि से अभी भी देश के अनेक राज्यों से काफी पिछड़ा है।

स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से मध्यप्रदेश राज्य के पीछे रह जाने के कारणों में यहां साक्षरता ,शिक्षा की कमी, आर्थिक पिछड़ापन, परिवहन के साधनों की न्यूनता और जनसंख्या में जनजाति संख्या का बाहुल्य है। 1981 के आंकड़ों के अनुसार राज्य में साक्षरता का प्रतिशत 27.87 था, जो देश के साक्षरता प्रतिशत से काफी कम है। गैर शिक्षित लोग अंधविश्वासी और जादूटोनों से बड़ी बड़ी बीमारियों का उपचार करते हैं। इससे स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पर्याप्त मात्रा में धन नहीं जुट सका है। परिवहन की अपर्याप्त सुविधा के कारण मध्यप्रदेश में पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सालय और औषधालय नहीं खुल सके हैं। राज्य की जनसंसवा में लगभग 22.97 प्रतिशत भाग अनुसूचित जन जातियों का है जो दुर्गम घने वनों और पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करती है। इन क्षेत्रों में सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं के विकास में अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जनजाति के लोग सभ्य लोगों से मिलना जुलना पसंद नहीं करते हैं। वे अपना इलाज झाड़फूंक और जादू टोनों से करते है। अतः ऐसी स्थिति में यहां स्वास्थ्य सेवाओं का विकास अवरुद्ध रहा, फलतः मध्यप्रदेश देश के अन्य राज्यों की तुलना में स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सेवाओं में काफी पीछे रह गया।

क्या आपको पता है कि सारी दुनिया में रोज पचास हजार से ज्यादा बच्चे मौत के मुंह में जा रहे हैं। वजह अतिसार, निमोनिया, पानी की कमी, कुपोषण जैसी साधारण बीमारियां हैं। सारी दुनिया में हथियारों और फौज के खरचो के हिसाब को देखे तो पता चलेगा कि कई सौ करोड़ डालर रोज खर्च किए जा रहे हैं। हर दिन खर्च होने वाले ये करोड़ों डालर सिर्फ इसलिए कि हमारी दुनिया सुरक्षित रह सके। इसके दूसरी तरफ जिन लोगों के लिए इस दुनिया को बचाया जा रहा है, उनकी बेसमय मौत रोकने के लिए होने वाले खर्च फौजी खर्च के पासंग भी नहीं है। भारत जैसे तीसरी दुनिया के देश में हर वर्ष करीब बीस लाख शिशु अपना पहला जन्मदिन देखे बगैर मौत का ग्रास बन जाते हैं। क्या कारण है कि हमारे पास काफी हद तक असमय मौत रोकने के चिकित्सकीय सुविधाओं के होने के बावजूद भी हम इन्हें रोकने में नाकामयाब हो रहे हैं। कारण है सामाजिक जागरुकता का अभाव। दरअसल समस्या, कही यह है कि स्वास्थ्य को बीमारी से जोड़कर देखा जाता है तो कहीं बीमारी की गैर मौजूदगी स्वास्थ्य का लक्षण समझा जाता है, जबकि ऐसा नहीं है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस

एक स्वस्थ्य व्यक्ति का अर्थ मानसिक, शरीरिक, नैतिक रूप से उसका अपने वातावरण से सही संबंध होना है। स्वास्थ्य की इस पूरी परिभाषा की अनुपस्थिति बहुत सी समस्याओं को जन्म देती है। भारतीय संदर्भों में अपने भविष्य की सुरक्षा की जब हम बात करते हैं तो हमे स्वास्थ्य की इस परिभाषा और उसके सामाजिक संदर्भों को केंद्र में रखना होगा। अपने मौजूदा हालात में तथ्यों को सिलसिलेवार देखें तो वे कुछ इस तरह से होंगे। भारत में रोज होने वाली मौतों का कारण है प्रमुख कुछ बीमारियां 1 गलघोंटू 2 काली खांसी 3 टेटनस 4 तपेदिक (टीबी) 5 पोलियो 6 खसरा (मीजल्स)। इन सभी रोगों से बचपन में टीकाकरण द्वारा बचाव हो सकता है। इन तथ्यों की रौशनी में एक बार फिर यदि बच्चों के भविष्य को देख तो तस्वीर उतनी स्याही नही रहती। यदि देश के बच्चों को टीके की सुविधा सामान्य रुप से मिलने लगे तो इससे बच्ची की मृत्युदर में कमी होगी। मृत्यु दर में कमी का अर्थ है कि माता पिता में बच्चों के भविष्य के प्रति विश्वास जागेगा और जन्मदर घटेगी, जन्मदर घटने के साथ वे बहुत सी बुनियादी सुविधाएं लोगों को मुहैया होने लगेगी जो अब तक उपलब्ध नहीं हैं।

यह बातें जितनी संभव लगते हैं उतनी है नहीं एक वैज्ञानिक सत्य है की तरक्की का एक सीधा असर यह होता है की जनसंख्या पर अपने आप नियंत्रण हो जाता है। इसे वैज्ञानिक डेमोग्राफिक ट्रांजिशन कहते हैं। यदि टीकाकरण और सामान्य स्वस्थ लोगों तक पहुंचाने की कोशिश में यदि इस डेमोग्राफिक ट्रांजिशन की स्थिति में पहुंचते हैं तो एक बड़ा कदम होगा। सर्दी के अंत तक सबके लिए स्वास्थ्य की मुहीम हमारे देश में चलाई जा रही है। इसका पहला मोर्चा टीकाकरण टीकाकरण ही है। इस मोर्चे पर पिछले दिनों काफी कार्य हुआ है। विभिन्न इलाकों में सत्तर से नब्बे प्रतिशत के बीच टीकाकरण होने लगा है। राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान जो 1978 में प्रारंभ किया गया था आज तक की स्थिति तक आते-आते खासा काम कर चुका है। टीकाकरण और इस तरह के दूसरे अभियानों में जो दिक्कतें आती है वह सामाजिक अधिक होती हैं। हमारे देश में स्वास्थ्य और बीमारी जैसी बातें व्यक्तिगत या पारिवारिक समस्याएं समझी जाती है। सारी वैज्ञानिक समझ के बाद यदि लोगों का सोचने का रवैया नहीं बदलता तो सफलता संदिग्ध हो जाती है। जरूरत इस बात की है कि टीकाकरण जैसी बातों के हर पहलू पर गांव देहात तक के स्तर पर चर्चा हो। सारे देश में जानकारी का ऐसा वातावरण बने जो लोगों के सीखने के तरीकों में बदलाव लाए।

दूसरी विडम्बना भी हमारे देश में मौजूत है। प्रायः यह देखते हैं कि हमारे देश में अमीरों के लिए बड़े-बड़े अस्पताल हैं। छोटे छोटे शहरों में भी- प्राइवेट क्लीनिक और नर्सिंग होम खुले हुए हैं। इनमें चिकित्सा की आधुनिकतम सुविधाएं रहती है, साफ सफाई और सेवा सुश्रुषा पर ध्यान दिया जाता है।

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम 112: परशुराम जी द्वारा श्री राम की परीक्षा लेने का निर्णय

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

श्री राम ने महर्षि परशुराम से कहा, ''मैं अपनी वीरता का प्रमाण देने के लिए बाध्य नहीं हूं मुनिवर! मुझे यहां कुछ सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं है। आपने अपना बखान किया है तो आप श्रेष्ठ हैं। मुझे इसे लेकर अस्वीकार भाव कहां? आप मुझे दंड देंगे तो वह भी स्वीकार है,वहीं अगर आप मुझे चुनौती देंगे तो एक योद्धा होने के नाते मुझे आपकी हर चुनौती स्वीकार है। युद्ध के लिए तत्पर रहना एक क्षत्रिय का कर्तव्य है और मैं इसके लिए तैयार हूं।''

परशुराम जी का अतीत में अनेक राजाओं से सामना हुआ है उन्होंने असाधारण वीरता से युद्ध कर अनेक शासको को परास्त किया है,लेकिन सुकुमार राम के सामने जैसे उनके पास न तर्क बचे हैं और न तीर। कितना आत्मविश्वास है श्री राम में। कितना नैतिक साहस है उनमें। एक तो परशुराम जी के सामने अपने तर्कों को रखना ही कठिन कार्य है, उस पर श्री राम युद्ध के लिए भी तत्पर हैं। परशुराम जी सोचने लगे।इस राम की कड़ी परीक्षा लेनी ही होगी,अन्यथा अगर यह संयोगवश वीर है तो इसे अनावश्यक महत्व मिल जाएगा और इस स्वयंवर में एकत्र राजाओं को एक अलग संदेश जाएगा।

परशुराम जी ने अब दोनों राजकुमारों को दंड देने का विचार त्याग दिया।यह अलग बात है कि

वे भगवान राम के समक्ष ऐसा कर पाने में सक्षम नहीं थे। परशुराम जी को अभी भी श्री राम की वीरता पर संदेह है,इसलिए उन्होंने श्री राम की परीक्षा लेने का निर्णय लिया। अब परशुराम जी अपने अस्त्र-शस्त्र रख चुके हैं और महेंद्र गिरि में तपस्यारत हैं। त्रेता युग का प्रारंभ तो पहले ही हो चुका है लेकिन त्रेता युग का शक्ति केंद्र अब परशुराम जी में नहीं रहा। अब युग बदल चुका है और इस युग के राम परशुराम नहीं बल्कि दशरथ नंदन राम हैं। परशुराम जी अभी भी इस वास्तविकता को पूरी तरह स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं।जैसे ही उनके मन में श्री राम की परीक्षा लेने का विचार आया, उन्हें ऐसा लगा कि वे सार्वजनिक जीवन में अपना पुराना प्रभाव स्थापित नहीं रख पा रहे हैं। श्री राम द्वारा शिव धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाने के प्रयास और धनुष के टूट जाने के बाद मिथिला नगरी की प्रजा में भी अब वैसा भय दिखाई नहीं देता, जैसा परशुराम जी के अकस्मात आने पर संभावित था।

प्रजा में दबे स्वर में चर्चा होने लगी कि इन दोनों राजकुमारों ने परशुराम जी के विजय रथ को रोक दिया है। क्या केवल उनके पराजय की घोषणा होना बाकी है? क्या स्वयं परशुराम जी अपने अप्रासंगिक होने की पृष्ठभूमि तैयार कर रहे हैं? अगर ऐसा है, तो ऐसा करने से उन्हें कौन रोक सकता है?

परशुराम जी ने अपने धनुष की ओर संकेत करते हुए कहा, ''इस धनुष को देख रहे हो न राम?''

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

सामयिक चर्चा

राधा नाचेगी, जनता जाँचेगी

खबर पढ़कर
बानी बोले- ''गजाधर!
कांग्रेस के घोषणा पत्र में
पाँच न्याय और पच्चीस
गारन्टी की वादा!
तो इस पर मुख्यमंत्री
विष्णुदेव जी साय ने तंज कसा-
''न नौ मन तेल होगा,
ना नाचेगी राधा।''
यह सुनकर गजाधर
मंद-मंद मुस्कराए, बोले-
''बानी! तेल होने पर,
नाचने में, मालूम भैया!
फिसलने का डर बना रहता है
इसीलिए तो मेरा मन कहता है।
तेल न होने पर देखो!
राधा कितना और कैसा नाचती है?
और उसकी उस नाच की,
जनता कितना और जाँचती है?''

गिरीश बख्शी

कविता

हुआ नहीं पचास पार

सुना हूं आवेदन चार सौ पार,
विडंबना हुआ नहीं पचास पार।
सत्तासीन और सत्ताहीन में फर्क,
यही है काम नहीं आता गुहार।
समय अब बचा है कम,
जनता से करो मनुहार।
अब तो जनता जनार्दन ही,
तुम्हारी लगाए नैया पार।

गजेंद्र बख्शी
रिद्धि सिद्धि कालोनी
फेस 3,राजनादगांव

राशिफल

मेष
आज का दिन खुशियां लेकर आया है। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनात्मक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा। आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी। महिलाओं को घर के कार्यों से राहत मिलेगी। आर्थिक पक्ष सामान्य रहेगा।

वृषभ
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगें। आज काम के हिसाब से फल मिलेंगे। जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित रास्ता मिलेगा। आपके काम पर अंतिम परिणाम निर्भर करेगा।

मिथुन
आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता-पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा बिजनेस में कोई बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते है।

कर्क
आज का दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा।आज इस बात का खास ख्याल रखें की दूसरों से तभी दोस्ती करें और अपनी बाते शेयर करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भलीभांति समझ लें। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पिता अपके बिजनेस में आपका सयोग करेंगें। लोग आपकी प्रशंसा करेंगे।

सिंह
आज का दिन फायदेमंद साबित होने वाला है। आज आपको पहले किए गए छोटे-मोटे कार्यों से भी पॉजीटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलतायें छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी इससे आपका सकारात्मक विचार बनेगा। ऑफिस के कार्यो को करते समय फोक्स बनायें रखें। जो लोग प्रॉपर्टी डीलर हैं उनका काम अच्छा चलेगा।

कन्या
आज का दिन आपके जीवन में खुशियाँ लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें गौर से सुनें, भविष्य में आपके लिएफायदेमंद रहेगी। युवाओं को बढ़िया नौकरी के मिलने की सम्भावना बन रही है। कारोबार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे।

तुला
आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। करीयर को बढ़ाने मे किए गए प्रयासों के चलते लाभ होगा7 आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। संतान की सफलता के कारण,घर में खुशी का माहौल बना रहेगा।

वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रूका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। आज परिस्थितियों को ठीक से देखेंगे तो हर एक समस्या को हल कर पाएंगे।

धनु
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज अपने काम को आसान तरीके से करने का रास्ता मिल सकता है। नई योजना पर काम शुरू हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएंगे।

मकर
आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरुरत का सामान खरीदेंगे। आज गलत विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे और गलत संगत से बचेंगे। आज क्रोध को नियंत्रित करने की कोशिश करें। स्वभाव की नकारात्मक बातों को सुधारने की कोशिश करें।

कुंभ
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपका कोई रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीको पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज अपनी इच्छाशक्ति के बल पर योजनाओं पर काम कर पाएंगे। अहंकार से बचना होगा।

मीन
आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीददारी करने मार्किट जा सकते हैं। एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जाएंगे।

गंवईहा पुरातन रिवाज। जवांरा काबर बोए जाथे?

हमर छत्तीसगढ़ मा किसम-किसम के तीज - तिहार मनाय जाथे। एकठन गोठ सुने ला मिलथे -भारत गांव के देश हरे, भारत के आत्मा गांव मा बसथे। अउ गांव म बसइया जायदातर किसाने होथे। किसान के अधिकांश तिहार फसली होथे माने फसलोत्सव ले जुड़े हे।

आजकाल जवांरा तिहार ल मनखे किसम-किसम ले मनाथे। गंवईहां मनखे घलोक गाँव ला भुलाके शहर कोती झपावत हे। हमर पुरखा पुरातन म कोनो बीज ला बोए के पहिली बीजोपचार, अंकुरित करे के परम्परा रिहीस हे। बीज के उन्नत किस्म अऊ अबीजहा दाना के पहिचान(परीक्षण) दूई-चार दिन माटी मा दाब के पानी सीत के प्रयोग करे जाय। अइसे गांव मा बसे किसान कबिलाई आठोकाल बारो महिना भुइयां के पुजा करथे।

इही परम्परा हा बाद मा जवांरा तिहार के रूप ले लिस ।जवांरा बोए के पहिली बिरही भींगोय के परम्परा हे , जेला बिधी-बिधान पूर्वक गांव के सियान मन करथे। किसान के औजार अउ उत्पन्न करे अनाज उनकर देबी -देवतन के बरोबर आय।

ये किसम ले देखे जाय तो जवांरा अन्न, धन, सुख-समृद्धि देवय्या देबी होइस। ओकर सुआगत मा ओकर आगु अर्जी -बिनती करके नौ दिन ले जोत जलाए के प्रथा सुरू करेगिस।

गांव मा बसय्या -तेली के तेल, कुम्हार के करसा-कलोरी, कंडरा के चरिहा-टुकना, लोहार के त्रिशूल-बाना, किसान के बीज, मरार के फुल, कोष्टा के लुगरा -कपड़ा, राउत के दूध -दही, जइसे संवागा ला संघेरिन। बइगा-बैगिन, हुमदेवा इकट्ठा होइन।

ये उस्सल मंगल ले करे रोटहा सुवागत ल जवांरा दाई स्वीकार करलिस।

नौ दिन- रात ले काबर जोत जलाईन?

ये अनुमान हो सकत हे, कोनो लइका ला पईदा होय मा नौ महिना लगथे, त ऊही नौ महिना ला प्रतीकात्मक रूप ले माई, महामाई के सेवा करे बर नौ दिन- रात राखिन होहि।

फेर एक बिस्कुटक हे जोते जवांरा घर अऊ गांव मा बेमतब के नइ बोए जाय, जब घर के देबी-देवता घर के मुखिया ल सताय लगथे तब घर मा। अउ गांव के देबी -देवता गांव के सियान मन ला सताय लगाथे तभे गांव के शीतला,माता देवाला मा बोए जाथे।

दीया- बाती हर दिन-रात, जोत जवांरा कभु कभार।

घर के जोत-जवांरा ल सेवा अर्जी बिनती घर के माई पिल्ला मिलके करथे। अऊ गांव के एकेठन जोत जवांरा ला सेवा, भजन, सुमरन गांव भरके मिलके करथे।

गांव के मनखे ककरो घर मा जवांरा नई बो सके अउ कोई एके झन शीतला मा जवांरा नइ बो सके। गांव अऊ घर में घेरी-बेरी (बार-बार) जवांरा बोए के कोनो नियम नइ हे ना जोत जलाए के नियम हे। जब तक देबी-देवता संकेत नइ देही तब तक जवांरा नइ बोना चाहि। आजकल फोकट -फोकट के जोत जलाना, दान देना फईसन बन गेहे। शहरिया ट्रस्ट समिति के चईत ,कुंवार के महिना मा भाग खुल जथे। जोत ला मनोकामना पूर्ति करे के माध्यम बताके गवईहां मन ला कहीं भुलवारत तो नइ हे?

गांव के शीतला दाई, बस्ती माता ला जोत जला के प्रसन्न करे जाथे अउ गांव के ठाकुर ददा ला भोग लगाके प्रसन्न करे के नियम हे। ये मन ला परिवेशी परसाद ही चघथे। जोत देबी मनकरा जलाय जाथे। आजतक गांव के ठाकुर देव मा दीया के अलावा जोत नइ जले हे। गांव मा पेरेतीन, रक्षा, भईसासुर डीह - डोंगर तक के पुजा करे जाथे। गांव समाज मा नारी शक्ति ला आई, माई, दाई सम्बोधित करके सम्मान देथे, जेमा लइका ले सियान तक नारी रूप मा समा जाथे।

नारी के पांच रूप हे -फूल, कली, कंचन, माई, महामाई। अउ इनकर ले बिचित्र, बिकराल होथे ओला कहिथे ÷कंकालीन÷जेकर सुआगात घर के मुहाटी म करे जाथे। जइसे शीतला के आगु मा। जोत जवांरा के परब माई, महामाई के परब हरे। फेर आजकल लोगन मन बड़ मानता के देबी-देवता हरे कहिके जगा -जगा जोत जलवावत हे।।

जय जोहार जय छत्तीसगढ़।

मदन मंडावी
ढ़ारा (करेला) डोंगरगढ़ (छ.ग.)
मोबाईल-7693917210

केसीसी जिले में पुलिस के नाक के नीचे सर चढ़कर बोल रहा आईपीएल सट्टा का कारोबार

1 लाख को एक पैसा, 50 हजार को अठन्नी और 25 हजार को चवन्नी कोट वई

खैरागढ़ (दावा)। इन दिनों आइपीएल क्रिकेट पर धड़ल्ले से चल रहा है सट्टे का आनलाइन कारोबार। यह कोई पहली बार नहीं है, हर साल लगते हैं लाखों के सट्टा। इस कार्य में अधिकतर युवा हो रहे बर्बाद, ब्याज कारोबारियों की चांदी कट रही है, आइपीएल किक्रेट सट्टा लगाने में कई युवा हो चुके हैं बर्बाद क्योंकि इन्हें आईपीएल सट्टा लगाने के लिए ब्याज पर रूपए उधार लेना पड़ता है और ब्याज के कारोबारी इन्हें अधिक दर पर देते हैं रूपए सट्टा लगाने के बाद अगर हार गए तो कर्जदार हो जाते हैं आइपीएल किक्रेट खिलाड़ी और सटोरिये ये सब पुलिस पकड़ से कोशों दूर है, पता नहीं पुलिस की इन सटोरियों पर नजर क्यों नहीं।

केसीसी जिले व नगर में आईपीएल सट्टे का कारोबार जोरों से चल रहा है। जिले के

गांव-गांव के बच्चे, बड़े अधिकतर के पास ऑनलाइन सट्टा आईडी है और यह पूरा कारोबार आनलाइन चल रहा है, ताकि पुलिस से बचा जा सके। कम्प्यूटर, लैपटाप, मोबाइल के जरिए सट्टा खिलाया जा रहा है। मैच के हर बाल, ओवर और रन का रेट निर्धारित कर कारोबार किया जा रहा है। जानकारों के अनुसार पूरा कारोबार बुकी के माध्यम से कोडवर्ड से संचालित होता है। प्रत्येक बुकी का अलग-अलग कोडवर्ड होता है। सट्टा खिलाने वाले लोग हर मैच के पहले अपना मोबाइल नंबर बदल देते हैं।। इससे पुलिस उनको आसानी से ट्रेस नहीं कर पाती है। इसमें स्थानीय सट्टेबाज भी शामिल हैं।

क्रिकेट मैच की पहली गेंद से लेकर टीम की जीत तक भाव चढ़ते-उतरते हैं

एक लाख को एक पैसा, 50 हजार को अठन्नी, 25 हजार को चवन्नी कहा जाता है। पूरे मैच में तीन सेशन बड़े अहम होते हैं। पहला सेशन पहले मैच का 10 ओवर और आखिरी पांच तथा सेकंड इनिंग के छह ओवर का। इस दौरान मैच के हर बाल पर दांव लगाने के साथ-साथ बालर, बेट्समैन पर भी दांव लगाए जाते हैं। आइपीएल क्रिकेट में सट्टेबाज 20 ओवर को लंबी पारी, दस ओवर को सेशन और छह ओवर तक सट्टा लगाने को छोटी पारी खेलना कहते हैं। यदि किसी ने दांव लगा दिया और वह कम करना चाहता है तो फोन कर एजेंट को 'मैंने चवन्नी खा ली' कहना होता है। पूरा नेटवर्क आधुनिक संचार प्रणाली लैपटॉप, मोबाइल, वाइस रिकार्डर आदि पर ही चल रहा है। सावधानी इतनी बरती जाती है कि एक बार कोई मोबाइल नंबर यूज हो गया तो उसे दोबारा इस्तेमाल नहीं किया जाता। पुलिस विभाग इन दिनों सिर्फ तीन सवारी, बिना हेलमेट, शराब सेवन कर गाडी चलाना व शराब दुकान से कौन त तीन पौवा चार पौवा शराब लेकर जा रहा है और अवैध शराब परिवहन की कार्यवाही पर ही खुश हैं।

गिधवा में जनपद अध्यक्ष किरण वैष्णव ने 40 लोगों को कराया भाजपा प्रवेश

छुरिया (दावा)। लोकसभा चुनाव को लेकर जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गिधवा में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली। कार्यक्रम में मोदी जी व विष्णु देव साय के कार्यो से प्रभावित होकर गांव के 40 युवा और महिलाओ ने भाजपा प्रवेश किया। जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने सभी को भाजपा का गमछा पहना कर उनका स्वागत किया और भाजपा में प्रवेश दिलाया।

जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि पूरे देश मोदीमय आज मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने दस वर्षों के कार्यकाल में देश एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। गांव से लेकर शहरों तक आज देश का विकास के साथ साथ मोदी जी ने कई बड़े बड़े ऐतिहासिक निर्णय लिये है।आज कश्मीर से धारा 370 को खत्म करना। श्री राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण, जैसे अनेक बड़े बड़े काम मोदी जी के नेतृत्व में हुए हैं। श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि राजनांदगांव लोकसभा से भाजपा के लोकप्रिय मिलनसार सांसद प्रत्याशी संतोष पांडेय को कमल फूल छाप पर वोट देकर हम सभी को मोदी जी साथी बनना है। जिससे हमारा राजनांदगांव तेज गति के साथ विकास के पथ पर अग्रसर होगा। इस अवसर पर मालती उईक महिला मोर्चा अध्यक्ष भी उपस्थित थी। प्रमोद कुमार, योगेश्वर साहू, लक्ष्मण दास, खलेंद्र कुमार, टिकेश्वर साहू, गजेंद्र कुमार, द्रोण कुमार, भगवानी लालता प्रसाद, शिवप्रसाद, बुधारूराम, हीरालाल, भानु साहू, खिलेश्वर, देबीलाल, चुम्मन, राधा मेश्राम, तीजन बाई, सावित्री, सरिता, बिमला, राधा साहू जैसे 40 लोगों ने भाजपा प्रवेश किया।

पहला कॉलम...

आज भाजपा सांसद प्रत्याशी संतोष पाडे डोंगरगढ़ ग्रामीण क्षेत्र का दौरा करेंगे

राजनांदगांव(दावा)। भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी संतोष पांडे आज 7 अप्रैल रविवार को डोंगरगढ़ विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे।

आज हरदी में परिक्षेत्र स्तरीय मां कर्मा जयंती समारोह

हरदी (दावा)। सिंघोला परिक्षेत्र (मंडल) स्तरीय भक्त शिरोमणि मां कर्मा जयंती समारोह शिवनाथ वार्ड 51 हरदी में आज 7 अप्रैल को मनाया जाएगा। कलश शोभायात्रा सुबह 8 बजे, ध्वजारोहण एवं भक्त मां कर्मा की आरती पूजा दोपहर 1.30 बजे, अतिथि सत्कार एवं रक्तदान शिविर दोपहर 2 बजे, सम्मान समारोह 2.30 बजे, प्रसाद वितरण 3.30 बजे, महाप्रसादी एवं भण्डारा शाम 6 बजे से होगी। मुख्य अतिथि भागवत साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ होंगे। अध्यक्षता कमल किशोर साहू पूर्व जिला अध्यक्ष साहू संघ करेंगे। विशिष्ट अतिथि अंजू दिनेश साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ, शैलेन्द्र साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ, नीरा साहू उपाध्याय जिला साहू संघ, केवल राम साहू पार्षद हरदी होंगे। उक्त जानकारी पंकज साहू ग्रामीण अध्यक्ष, चंद्रकृत साहू कोषाध्यक्ष, सुनील साहू सचिव ने दी।



गैंदाटोला परिक्षेत्र में धूमधाम से मनी कर्मा जयंती

छुरिया (दावा)। गैंदाटोला परिक्षेत्र में कर्मा जयंती बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता कर्मा की शोभायात्रा निकाली गई बड़ी संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया, मन्दिर में भक्त माता की विधिवत पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। अतिथियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि मदन लाल साहू उपाध्यक्ष जिला साहू राजनांदगांव, अध्यक्षता भारत लाल साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप मे मनोहर साहू लुलीकसा, प्रेमलाल साहू, सखाराम साहू पंडरीपथरा, चुडामनी साहू सीताकसा, श्रवण साहू, कमलेश साहू, कुंवर साहू, डुमर लाल, पन्चु राम साहू, मया राम साहू जयसिंगटोला, रामसुरत साहू आलीवारा, यमुना दास, वीरेंद्र साहू, सोहनलाल साहू एवं बड़ी संख्या साहू स्वजातीय बंधु उपस्थित थे। भारत लाल साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि माता कर्मा हमारे समाज की उत्थान के बड़े बड़े कार्य किया है, मां कर्मा की खिचड़ी का जगन्नाथ भगवान में आज भी भोग लगाया जाता है, तथा उसे ही महाप्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। इस कार्यक्रम में समाज सेवक महेंद्र साहू, ईश्वर साहू, अमरनाथ साहू, गजेन्द्र साहू मातेखेडा उपस्थित रहे। यह जानकारी धनेश कुमार साहू सचिव परिक्षेत्र साहू समाज गैंदाटोला ने दिया।

लंबे समय फरार स्थाई वारंटी पकड़े गये

डोंगरगढ़ (दावा)। आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु एवं शांति पूर्ण निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने

हेतु डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अपने थाना के लंबे समय से फरार आरोपियों एवं वारंटियों का लगातार पता तलाश कर पकड़ा जा रहा है।

इसी अभियान के तहत आज दिनांक 06.04.2024 को लंबे समय से फरार आबकारी एक्ट के स्थाई वारंटी भीखम उके पिता गंगाराम उके उम्र 65 साल साकिन नाका करवारी डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0 को पकड़कर माननीय जे0एम0एफ0सी0 न्यायालय में पेश किया गया है।

डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव एवं नवरात्रि पर्व को लेकर क्षेत्र में लगातार गस्त पेट्रोलिंग, चेंकिंग पाईन्ट लगाकर वाहनों को चेंकिंग एवं होटल/ढाबा/लॉज चेककर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं अवैध पाये जाने पर उसमें वैधानिक कार्यवाही भी कर रहे हैं।

भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मनाया स्थापना दिवस

डोंगरगांव (दावा)। भाजपा के 45वीं स्थापना दिवस के अवसर पर डोंगरगांव लोकसभा चुनाव कार्यालय में मंडल भाजपा के द्वारा एवं नगर डोंगरगांव के बूथ के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में स्थापना दिवस का कार्यक्रम मनाया गया। मण्डल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने कहा कि भाजपा का स्थापना, देश प्रथम, हिंदुत्व राष्ट्र एकात्म मानववाद, अंत्योदय, एक देश एक प्रधान, राम मंदिर, धारा 370, अखंड भारत, ऐसे अनेक संकल्प के साथ भाजपा का स्थापना किया गया। भाजपा अपने आदर्श पर चलते हुए आज 0 से 303 की संख्या पर पहुंच गई है। मुझे गर्व है कि मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं मुझे जो पहचान मिली है वह भाजपा के कारण है और मैं संकल्प लेता हूं कि आने वाले समय में जब भी मेरी जरूरत भाजपा को पड़ेगी भाजपा के लिए काम करूंगा, उपस्थित सभी से अनुरोध करता हूं कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को विजय श्री दिलाने और तीसरी बार केंद्र में भाजपा सरकार बनाने के लिए हम सब संकल्पित हो। कार्यकर्ताओं की मेहनत व परिश्रम से शून्य से 303 की संख्या में आज देश में भाजपा की सरकार है वही लगभग 17 से 20 राज्य में भाजपा की या गठबंधन सरकार है और मुझे गर्व है कि पुरा देश भा.ज.पा. की पुनः लोकसभा में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनना चाहती है अतः हम सब कार्यकर्ता अपने लोकसभा क्षेत्र में अपने प्रत्याशी को पुनः सांसद संतोष पांडे को रिकॉर्ड तोड़ मतों से विजय दिलाने का, केंद्र में मोदी सरकार बनाने का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ.निरेन्द्र साहू ने भा.ज.पा.के विकास यात्रा पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि सन 1980 में 6 अप्रैल के दिन ही देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई अध्यक्षता में भाजपा की स्थापना किया गया। इस यात्रा में भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी के भारत के विकास व राम मंदिर निर्माण ,धारा 370, 35 को हटाने का संकल्प लेते हुए इस महान उद्देश्य को पूरा करने हेतु देश में अनेक अभियान चलाया गया। आज इस अवसर पर हम सभी कार्यकर्ता लोकसभा विजय संकल्प लेते हैं इस अवसर पर महिला मोर्चा से महिला मोर्चा से श्रीमती अंजू त्रिपाठी, बूंदा वर्मा अर्पणा तिवारी, ऐलन साहू युवा मोर्चा से डिकेश साहू, प्रवेश ठाकुर, वरिष्ठ नेता अरुण जैन, महेश्वर साहू, दीलिप साहू, रमजान बडगुजर ने अपना विचार रखा। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री संतोष यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर गुलशन हिरवानी, किशोर यादव, राम साहू, रमेश सोनी, कोमल साहू, प्रफुल्ल जैन राजा, चुम्मन दास साहू, लक्ष्मण दास, हरि प्रसाद शर्मा, वीरेंद्र कुमार, चमारराय निषाद हरिराम, राजेंद्र कंडरा तीरथ जंजीर, मुकेश पांडे, पूसऊ राम, राकेश रत्नाकर, पुरुषोत्तम साहू, राजीव कुमार वैष्णव, पूनम सिंह, योगेश पटेल, सतीश पांडे, लक्ष्मीनारायण सेन, पूनम ठाकुर, सतीश पांडेय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा के स्थापना दिवस पर किया वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश भाजपा एवं जिला भाजपा के निर्देश अनुसार स्थापना दिवस को जोर-शोर से मनाने का कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया। इसी क्रम में डोंगरगढ़ भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा आज 6 अप्रेल दिन शनिवार को भाजपा का स्थापना दिवस के अवसर पर संथापक सदस्य भाजपा वरिष्ठ नेता प्रदीप बाघ, हरविंदर सिंह मंगे वरिष्ठ भाजपा नेता के निजी कार्यालय में हमारे पितृ पुरुष श्यामाप्रासाद मुखर्जी और प.दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के तेल चित्र पर पवन मेश्राम तुलसी मिश्रा, संतोष राव महामंत्री, नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा, जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर महेंद्र अग्रवाल, प्रकाश बिंदल, परविंदर सिंह मोंटी, वीरेंद्र सोनी, राम कुमार, मोहन कोटले, रघुनाथ गजेंद्र, ललित शर्मा, शिवा यादव, श्यामसुंदर नरेडी, बलविन्दर विक्की, गिरीश साहू, सावन छाबड़ा, शहर महामंत्री संतोष राव प्रिंस कक्कड़ ने साथियों सहित स्वागत किया। इसके पश्चात वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र अग्रवाल एवं तुलसी मिश्रा का महेंद्र अग्रवाल के ऑफिस मे शाल श्रीफल से स्वागत किया एवं संस्थापक सदस्य वरिष्ठ भाजपा नेता धनीराम तराने, टेम्बूरकर, मीना यादव, शुभम परिहार, ऋषभ डक्हा, गीता मानिकपुरी, शुशिला साहू, सुरेश मरकाम, अजय शर्मा सहित अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्थापना दिवस मनाया।

डोंगरगढ़ शहर को संगठित करने वाले भाजपा से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने वाले छोटे बड़ों को साथ लेकर चलने वाले भाजपा के संस्थापक सदस्य प्रदीप बाघ एवं हरविंदर सिंह मंगे का शाल श्री फल भेंटकर दलित नेता पवन मेश्राम, नेता प्रतिपक्ष अमित कैलाश तिवारी, वीरेंद्र जैन, रविंद्र पाल सींग सीटे का भी उनके निवास जाकर शाल श्रीफल से स्वागत किया गया एवं उनके द्वारा पार्टी को दिए गए समय व संघर्ष के समय को याद किया गया। इसके उपरांत स्थापना दिवस के अवसर पर ग्राम बछेरा भाठा के वृद्धा आश्रम एवं छात्रावास मे सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा फल एवं मिठाई का वितरण कर स्थापना दिवस की खुशियों को साझा किया गया, उक्त जानकारी डोंगरगढ़ शहर महामंत्री संतोष राव ने प्रेस को दी।

घुमका में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया

घुमका (दावा)। भाजपा का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को बस स्टैंड घुमका में मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से जनपद सदस्य दिलीप पटेल मंडल उपाध्यक्ष नोहेंद्र सिन्हा वरिष्ठ कार्यकर्ता अजय सिंह ठाकुर रेखराम साहू, देशफिरंता कौशिक, अनिल ठाकुर, नूणकरण वर्मा, लक्की साहू, दीपक वर्मा, दाऊ लाल दुबे, ईश्वरी निर्मलकर, करण यादव, फागु यादव, घासी साहू, गंगेश्वर वर्मा, बहल वर्मा, किशोर साहू, रवि पटेल, मंदिर निर्मलकर खोमलाल निषाद, शिव प्रसाद, मनबोध वर्मा, असीस लोकेश आदि लोग उपस्थित थे।

भाजपा मंडल अम्बागढ़ चौकी ने मनाया स्थापना दिवस

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। भाजपा मंडल अम्बागढ़ चौकी में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया, इस अवसर पर भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेयी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर भाजपा का ध्वज लगाया गया एवं भाजपा के इतिहास के बारे में विस्तार से बताया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला महामंत्री दिलीप वर्मा, मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष राजकिशोर खंडेलवाल, जिला मंत्री पवन गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व जिला मंत्री राजेश सिंगी, पूर्व मंडल अध्यक्ष ढालसिंह कौशिक, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष रियाजुद्दीन कुरैशी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती कमलेश सारष्वत, मंजीत भाटिया, महामंत्री देवनारायण कुम्भकार, उपाध्यक्ष श्रीमती सुशीला रावटे, उपाध्यक्ष राजेश जैन गुजराती, जिला मीडिया प्रभारी अविनाश त्रिपाठी, व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक मोहन जैन, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती ईश्वरी धुर्वे, जिला संयोजक विधि प्रकोष्ठ निखिल झा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुंजलता हरमुख, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सतीष शर्मा, युवा मोर्चा महामंत्री संतोष साहू, उपाध्यक्ष सुभम लाटा, पार्षद धर्मेंद्र साहू, किशोर यादव, पुरषोत्तम ठाकुर, समाजसेवी मोंटी खंडेलवाल, राजकुमार खंडेलवाल, लता मंडावी, नंदा गायकवाड़, फुलमत साहू, देवीलाल पटेल, रूपेश यादव, संतोष पांडे, चंद्राकर निषाद दिलीप कौशिक, दीपक यादव उपस्थित रहे।

एल्बम उड़त हे शोर.....

हरदी(दावा)। ग्राम जेवरतला निवासी अशोक कुमार विश्वकर्मा जस गीत गायक का नया एल्बम उड़त हे शोर का यू ट्यूब में गाना रिलीज किया गया है। जिसके गीतकार गुरुदेव मौली लाला है। इस नए जस गीत एल्बम पर जनपद सदस्य राजेश साहू व ग्रामीणों ने बधाई दी है।

प्रशासनिक अधिकारियों ने चैत्र नवरात्रि पर्व एवं लोकसभा निर्वाचन आचार संहिता के परिपालन में दिये आवश्यक निर्देश

डोंगरगढ़ (दावा)। चैत्र नवरात्रि पर्व एवं लोकसभा चुनाव 2024 हेतु लागू आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए 5 अप्रैल को थाना डोंगरगढ़ में एसडीओपी आशीष कुंजाम, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, नायब तहसीलदार विजय साहू, यातायात प्रभारी निरीक्षक लोकश कुमार कसेर एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ सी.आर. चन्द्रा द्वारा डोंगरगढ़ क्षेत्र के होटल/लॉज संचालकों, मेला पार्किंग वालां एवं मेला में दुकान लगाने वाले दुकानदारों का बैठक आयोजित कर विभिन्न मुद्दां पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान बैठक में उपस्थित होटल/लॉज संचालकों, मेला पार्किंग व्यवस्था वालों से एवं मेला में दुकान लगाने वाले दुकानदारों से सुझाव प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

विभिन्न होटल/लॉज संचालकों, मेला पार्किंग एवं दुकानदारों ने बैठक में भाग लिया

पार्किंग व्यवस्था हेतु नगर पालिका परिषद के अनुसार राशि तय कर पार्किंग स्थल में रेट लिस्ट बोर्ड लगाने, रसीद देने, पार्किंग स्थल में सीसीटीव्ही कैमरा लगाने, पार्किंग स्थल पर संचालक का नाम नंबर लेख करने, किसी भी दर्शनार्थी से पार्किंग के नाम पर निर्धारित राशि से ज्यादा अवैध वसूली नहीं करने संबंधी समझाईस दिया गया है। साथ ही होटल/ ढाबा एवं लॉज संचालकों/ कर्मचारियों को नियमों का पालन करते हुये होटल/ढाबा एवं लॉज में आने व ठहरने वाले व्यक्तियों का पूर्ण पता पहचान पत्र सहित, आने-जाने एवं ठहरने के कारण सहित जानकारी रखने एवं रजिस्टर में इन्द्राज करने साथ ही संदिग्ध लगने पर तत्काल थाना को सूचना देने हेतु समझाईस दिया गया है व होटल/ढाबा एवं लॉज में लगे खराब सीसीटीवी कैमरा को तत्काल ठीक करवाने हेतु निर्देशित किया गया है व आगामी लोकसभा चुनाव के कारण आदर्श आचार संहित प्रभावशील होने से शांति व्यवस्था बनाने की अपील की गई है।

भाजपा खुज्जी विधानसभा समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। खुज्जी विधानसभा 77 के मंडल छुरिया में विधानसभा स्तरीय समन्वय समिति की बैठक रखी गई। जिसमें विधानसभा के तीनों मंडलों के बुथ समिति एवं शक्तिकेंद्रों की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में विधानसभा प्रभारी रविंद्र वैष्णव, जिला पंचायत अध्यक्ष गीताघासी साहू, विधानसभा सहप्रभारी जगजीत भाटिया, संयोजक हिरेंद्र साहू, जिला महामंत्री मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी दिलीप वर्मा, जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव, मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, अजय पटेल, बोधन साहू, जनपद अध्यक्ष किरण वैष्णव, घासी साहू, संजय सिन्हा, आलोक मिश्रा, आशीष द्विवेदी उपस्थित रहे।

बटलर के ब्लास्ट से कोहली का जश्न पड़ा फीका, आरसीबी की लगातार तीसरी हार, राजस्थान शीर्ष पर

जयपुर। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज विराट कोहली ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल करियर का आठवां शतक जड़ा, लेकिन राजस्थान के सलामी बल्लेबाज जोस बटलर ने तूफानी शतक जड़कर कोहली का जश्न फीका कर दिया।

आरसीबी ने कोहली के नाबाद 113 रनों की पारी की मदद से 20 ओवर में तीन विकेट पर 183 रन बनाए थे, लेकिन राजस्थान ने जोस बटलर नाबाद 100 और कप्तान संजू सैमसन 69 की अर्धशतकीय पारी की मदद से पांच गेंद शेष रहते चार विकेट पर 189 रन बनाकर जीत दर्ज की। आरसीबी पर मिली इस जीत के साथ ही राजस्थान की टीम अंक तालिका में चार मैचों में चार जीत के साथ आठ लेकर शीर्ष पर पहुंच गई है, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद है। वहीं लगातार तीन हार के बाद आरसीबी की टीम पांच मैचों में चार हार और एक जीत के साथ दो अंक लेकर आठवें स्थान पर खिसक गई है।

बटलर-सैमसन ने बांधा समां

खाता खोले बिना यशस्वी को खोने के बाद बटलर और कप्तान संजू सैमसन ने मिलकर पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 148 रनों की साझेदारी कर टीम की जीत की नींव रखी। बटलर और सैमसन शुरुआत में थोड़ा धीमा खेल रहे थे, लेकिन पॉवरप्ले के बाद बटलर ने हाथ खोले। बटलर इस मैच से पहले इस सीजन रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने पिछले तीन मैचों में 11, 11 और 13 रनों की पारी खेली थी, लेकिन इस मैच में बटलर का बल्ला जमकर बोला। उन्होंने हर गेंदबाज को आड़े हाथों लिया और राजस्थान के होम ग्राउंड पर फॉर्म में वापसी करने में सफल रहे। इस दौरान बटलर का सैमसन ने शानदार तरीके से साथ दिया। सैमसन ने एक और अर्धशतक जड़ा, लेकिन पचासा लगाने के बाद अपना विकेट गंवा बैठे। सैमसन के आउट होने के बाद राजस्थान की पारी बीच में थोड़ी लड़खड़ा गई और उसने रियान पराग (4) और ध्रुव जुरेल (2) के विकेट जल्द ही गंवा दिए। हालांकि दूसरे छोर पर बटलर टिके रहे और उन्होंने छक्के के साथ अपना शतक पूरा किया और टीम को जीत दिलाई। बटलर ने 58 गेंदों की अपनी पारी में नौ चौके और चार छक्के जड़े। बटलर के साथ शिमरान हेटमायर छह गेंदों पर दो चौकों की मदद से 11 रन बनाकर नाबाद लौटे। इसी के साथ कोहली का शतक बेकार गया जिन्होंने अपनी टीम के लिए साहसिक पारी खेली थी।

कोहली-डुप्लेसिस की शानदार शुरुआत

इससे पहले, राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और आरसीबी के लिए कप्तान फाफ डुप्लेसिस और विराट कोहली पारी का आगाज करने आए। सैमसन का फैसला उलटा पड़ा क्योंकि विराट कोहली और कप्तान फाफ डुप्लेसिस की सलामी जोड़ी ने आरसीबी को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सधी हुई शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए पॉवरप्ले खत्म होने तक अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। छह ओवर की समाप्ति के बाद आरसीबी ने बिना विकेट खोए 53 रन बना लिए थे। इस सीजन यह पहली बार हुआ है जब आरसीबी ने पॉवरप्ले के दौरान कोई विकेट नहीं गंवाया। वहीं, विराट कोहली इस सीजन पॉवरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। कोहली इस दौरान अबतक 121 रन बना चुके हैं। इन दोनों बल्लेबाजों के बीच जल्द ही यह शतकीय साझेदारी पूरी हुई। कोहली और डुप्लेसिस के बीच आईपीएल में पांचवी बार शतकीय साझेदारी हुई और वह आईपीएल में सबसे ज्यादा शतकीय साझेदारी बनाने वाली संयुक्त रूप से दूसरी जोड़ी बन गई।

पहला कॉलम...

सोने 70 हजार पार

नई दिल्ली। कीमती धातुओं के लिए यह सप्ताह ऐतिहासिक साबित हुआ. सप्ताह के दौरान दोनों प्रमुख कीमती धातुओं सोना और चांदी के भाव में शानदार तेजी दर्ज की गई. उसके दम पर सोना जहां सप्ताह के दौरान कम से कम 3 बार नया सर्वकालिक उच्च स्तर बनाने में कामयाब हुआ, वहीं चांदी 3 सालों के उच्च स्तर पर पहुंच गई.

सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को एमसीएक्स पर सोने ने नया इतिहास बना दिया. सोने की कीमतें जीवन में पहली बार 70 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार करने में कामयाब हुईं. शुक्रवार को सोना 70,699 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर तक पहुंचा. इससे पहले सोना ने सप्ताह के दौरान सोमवार और बुधवार को भी नया रिकॉर्ड हाई बनाया था. घरेलू बाजार में दोनों कीमती धातुओं के मुख्य तौर पर वैश्विक तेजी से सपोर्ट मिल रहा है. रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्पॉट गोल्ड 1.3 फीसदी चढ़कर 2,320.04 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया. कारोबार के दौरान इसने 2,324.79 डॉलर के रिकॉर्ड हाई लेवल को छुआ. सप्ताह में सोने के भाव में 3.8 फीसदी की तेजी आई है. वहीं गोल्ड फ्यूचर 1.4 फीसदी की तेजी के साथ 2,339.70 डॉलर पर रहा. चांदी 1.4 फीसदी की तेजी के साथ 27.30 डॉलर प्रति औंस पर रही.

जर्मन ओपनः क्वार्टर फ़ाइनल में यो एनजी ने सेंथिलकुमार को हराया

हैम्बर्ग, 06 अप्रैल। राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिल कुमार ने आठवीं वरीयता प्राप्त इंग्लैंड के जॉर्ज पार्कर को हराकर हैम्बर्ग में जर्मन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले साल एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिल ने 61 मिनट तक चले मुकाबले में 11.5, 11.8, 9.11, 11.9 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना मलेशिया के चौथी वरीयता प्राप्त इयेन योउ एंग से होगा। इससे पहले सेंथिल ने मिस्र के यासिन एल्शाफेइ को 6.11, 7.11, 11.6, 11.3, 11.9 से हराया था।

अब यूपीआई से कैश डिपॉजिट कर सकेंगे ग्राहक - आरबीआई

मुंबई । आरबीआई ने लेनदेन में सुविधा बढ़ाने के लिए ग्राहकों को यूपीआई के माध्यम से कैश डिपॉजिट मशीनों (सीडीएम) में पैसे जमा करने की अनुमति देने का फैसला किया है। सीडीएम के माध्यम से कैश जमा फिलहाल डेबिट कार्ड से हो रहा है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, एटीएम में यूपीआई का उपयोग कर बिना कार्ड के कैश निकालने के अनुभव को देखते हुए, अब यूपीआई का उपयोग कर सीडीएम में नकदी जमा करने की सुविधा भी प्रस्तावित है। यह उपाय ग्राहकों की सुविधा को और बढ़ाएगा और बैंकों में मुद्रा प्रबंधन प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राहकों के लिए चीजें आसान होने के अलावा, बैंकों को भी फायदा होगा। वे अभी अपने ब्रांच में कैश जमा करने में बहुत समय लगाते हैं।

लाओस में गैरकानूनी काम में फंसाए गए 17 भारतीयों की सुनिश्चित हुई स्वदेश वापसी

नई दिल्लीः विदेशों में फंसे भारतीयों के लिए मोदी सरकार ने हमेशा हनुमान का रोल निभाया है। एक बार फिर भारतीय विदेश मंत्रालय ने हनुमान जी की संकटमोचक वाली छवि को फिर सही साबित किया है। भारत ने लाओस में अवैध कार्यों में फंसाए गए 17 भारतीयों की स्वदेश वापसी सुनिश्चित कराकर उन्हें और उन लोगों के परिवारजनों को भी बड़ी राहत पहुंचाई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने एक्स पोस्ट पर शनिवार को कहा कि लाओस में धोखे से गैरकानूनी काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगारों को स्वदेश वापस लाया जा रहा है।

विदेश मंत्री ने इस मामले में मदद के लिए लाओस में भारतीय दूतावास की सराहना की। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, च्मोदी की गारंटी सभी के लिए देश-विदेश में हर कहीं काम करती है। लाओस में धोखे में रखकर गैरकानूनी और खतरनाक काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगार स्वदेश लौट रहे हैं।ज्ज् उन्होंने कहा, लाओस में भारतीय दूतावास ने अच्छा काम किया। सुरक्षित वापसी में मदद के लिए लाओस के अधिकारियों का धन्यवाद। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को भारतीय नागरिकों को कंबोडिया में आकर्षक नौकरी के अवसरों का वादा करने वाले मानव तस्करों का शिकार बनने के प्रति आगाह किया था।

आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कोहली

आईपीएल इतिहास में अब तक सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम पर है, जिनके नाम 241 मैचों में 7466 रन दर्ज हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में यदि कोहली 34 रन और बनाने में कामयाब होते हैं तो वह 7500 रनों का आंकड़ा छूने वाले भी पहले खिलाड़ी बन जाएंगे। कोहली के नाम आरसीबी की तरफ से अब तक आईपीएल में 242 छक्के लगाए लगा चुके हैं और यदि वह 8 छक्के और लगा देते हैं तो क्रिस गेल, एबी डी विलियर्स और रोहित शर्मा के बाद आईपीएल में 250 छक्के लगाने वाले चौथे खिलाड़ी बन जाएंगे।

टी20 क्रिकेट के इतिहास में अब तक किसी खिलाड़ी ने एक टीम से खेलते हुए 8000 रनों का आंकड़ा नहीं छुआ है। वहीं विराट कोहली के पास ये मौका है कि वह वर्ल्ड क्रिकेट में किसी एक फ्रेंचाइजी या टीम के लिए खेलते हुए इस कीर्तिमान को बना सकते हैं। कोहली ने अब तक आरसीबी के लिए आईपीएल में 241 मैच और चैंपियंस लीग में 15 मुकाबले खेले हैं, जिसके बाद कोहली 256 मैचों में 37.75 के औसत से 7890 रन आरसीबी के लिए बना चुके हैं और 8000 रनों का आंकड़ा छूने के लिए उन्हें 110 रन और बनाने हैं।

न्यूयॉर्क में भूकंप, स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी पर गिरी बिजली, लोगों में दहशत

नई दिल्ली। न्यूयॉर्क शहर में शुक्रवार को आए भूकंप के दौरान एक आश्चर्यजनक नजारा देखने को मिला. न्यूयॉर्क शहर में 4.8 तीव्रता का भूकंप आने के दौरान स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी के ऊपर लगे कैमरे ने शानदार प्राकृतिक घटना को कैद किया. क्षेत्र में आए भूकंप ने न्यूयॉर्क और फिलाडेल्फिया की गगनचुंबी इमारतों से लेकर ग्रामीण न्यू इंग्लैंड तक लाखों लोगों को हिलाकर रख दिया. न्यूयॉर्क में इस समय एक तस्वीर खूब वायरल हो रही है, तूफान के दौरान स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी पर बिजली गिरती हुई दिखाई दे रही है, जिसको फोटोग्राफर डैन मार्टिन ने अपने कैमरे से कैद किया है.

भारत ने मालदीव की मदद के लिए आवश्यक वस्तुओं के सीमित निर्यात को मंजूरी दी

नई दिल्ली। मालदीव के साथ पिछले कुछ समय से रिश्तों में खटास के बावजूद भारत ने सद्भावना के संकेत के रूप में पड़ोसी देश को चीनी, गेहूं, चावल, प्याज और अंडे सहित आवश्यक वस्तुओं के सीमित निर्यात की अनुमति दे दी।

मालदीव की नई सरकार के चीन की ओर झुकाव के बीच भारत ने घरेलू मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए इन खाद्य उत्पादों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था। हालाँकि, इसने मित्र देशों की सख्त जरूरत में मदद के लिए इन वस्तुओं के सीमित निर्यात के लिए एक खिड़की खुली रखी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की अधिसूचना में मालदीव को

1,24,218 टन चावल; 1,09,162 टन गेहूं का आटा; 64,494 टन चीनी; 21,513 टन आलू; 35,749 टन प्याज और 42.75 करोड़ अंडे के निर्यात का प्रावधान है।

इसके अलावा, भारत ने निर्माण सामग्री के रूप में उपयोग किए जाने वाले पत्थर और नदी की रेत के 10-10 लाख टन के निर्यात की भी अनुमति दी है। अधिसूचना में कहा गया है कि मालदीव को इन वस्तुओं के निर्यात को 2024-25 के दौरान किसी भी मौजूदा या भविष्य के प्रतिबंध या निषेध से छूट दी जाएगी। मालदीव, जिसके वर्षों से भारत के साथ घनिष्ठ राजनयिक संबंध रहे हैं, अक्टूबर में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के सत्ता में आने के बाद से भारत से दूरी बनाने और चीन के करीब जाने की कोशिश कर रहा है।

क्रिकेटर आशुतोष शर्मा ने सुनाया आप बीती

नई दिल्ली। पंजाब के 25 साल के क्रिकेटर आशुतोष शर्मा ने मध्यप्रदेश से रेलवे में जाने के समय पर प्रकाश डाला। आशुतोष शर्मा ने कहा कि वो इस बदलाव के समय के दौरान डिप्रेशन में चले गए थे। याद दिला दें कि आशुतोष शर्मा ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ पंजाब के लिए मैच विनिंग पारी खेलकर सुर्खियां बटोरी।

उन्होंने 17 गेंदों में 31 रन बनाए, जिसकी मदद से पंजाब किंग्स ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 200 रन के लक्ष्य का सफल पीछा किया था। आशुतोष शर्मा ने खुलासा किया कि वो मध्यप्रदेश के नए कोच के बर्ताव से हैरान थे जबकि उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था। इस वजह से वो डिप्रेशन में चले गए थे।

राउंडटेबल बातचीत के दौरान आशुतोष ने खुलासा किया कि पिछले सीजन और सेलेक्शन ट्रायल में शानदार प्रदर्शन के बावजूद उन्हें मध्यप्रदेश टीम से बाहर कर दिया गया था, जिसके कारण वो काफी निराश थे। उन्होंने ध्यान दिलाया कि नए कोच उन्हें पसंद नहीं करते थे और मैदान में शानदार प्रदर्शन के बावजूद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया था।पता हो कि कोलकाता नाइटराइडर्स के हेड कोच चंद्रकांत पंडित 2020 मे मध्यप्रदेश से कोच के रूप में जुड़े थे। मध्यप्रदेश 2021/22 सीजन में रणजी ट्रॉफी चैंपियन बना था।

2019 में, मैंने मध्यप्रदेश के लिए टी20 में आखिरी मैच में 84 रन बनाए थे। फिर नए कोच आए और वो मुझे पसंद नहीं करते थे।

ताइवान में भूकंप : अब तक 12 की मौत

ताइपे। ताइवान में 25 वर्षों में यह सबसे शक्तिशाली भूकंप था, जिसके तीन दिन बाद भी कई लोग लापता हैं तो कई शव मलबे में दबे हैं। बचावकर्मी पैदल मार्ग पर पत्थरों के नीचे दबे दो शवों को निकालने के लिए शनिवार को भारी उपकरण लाने की योजना बना रहे थे।

अपने ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाके के लिए प्रसिद्ध तारोको नेशनल पार्क में शाकाडांग ट्रेल पर चार और लोग लापता हैं। भूकंप के झटकों के कारण शुक्रवार दोपहर को बंद कर दिए जाने के बाद खोजबीन का कार्य फिर से शुरू किया गया।ताइवान के पूर्वी तट पर बुधवार सुबह आए 7.4 तीव्रता के भूकंप से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई।

रूसी ड्रोन अटैक से खार्कीव में छह नागरिकों की मौत

कीव। यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्कीव पर रूसी हमले में शनिवार तड़के छह नागरिकों की मौत हो गई और 10 घायल हो गए। क्षेत्रीय अधिकारियों ने यह दावा किया। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस ने कहा कि हमला ड्रोन से किया गया था। इसमें शहर की सड़कों और इमारतों के बगल में लगी आग की तस्वीरें भी जारी की गई हैं।

आज सुबह तक शेवचेनकिवस्की जिले पर रात के हमले में 6 लोग मारे गए और 10 घायल हो गए। हमले में आवासीय इलाकों को निशाना बनाया गया- कम से कम नौ ऊंची इमारतें, तीन शयनगृह, कई प्रशासनिक भवन, एक दुकान, एक पेट्रोल स्टेशन, एक सर्विस स्टेशन और कारें क्षतिग्रस्त हो गईं।न्यूज रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हमला आधी रात के ठीक बाद हुआ। यूक्रेन के उत्तर-पूर्व में खार्कीव, लगातार रूस का निशाना रहा है, हाल के हफ्तों में हमले तेज हो गए हैं। बुधवार को शहर पर एक ड्रोन हमले में चार लोगों की मौत हो गई और अपार्टमेंट ब्लॉक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। राष्ट्रपति वलोदिमिर ज़ेलेंस्की के चीफ ऑफ स्टाफ, एंड्री यरमैक ने गुरुवार को प्रकाशित एक साक्षात्कार में समाचार आउटलेट पॉलिटिको को बताया कि उन्होंने मई या जून में किसी भी नए रूसी हमले के लिए खार्कीव को सबसे संभावित लक्ष्य के रूप में देखा। खार्कीव क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनेहुबोव ने एक आवासीय इमारत पर हमले और खार्कीव सिटी के नॉर्थ में एक गांव पर मिसाइल अटैक की सूचना दी।

सनराइजर्स को लगा तगड़ा झटका, चोट के कारण आईपीएल के 17वें सीजन से बाहर हुए हसरंगा

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को एक बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा एड़ी में चोट के कारण 17 वें सीजन में नहीं खेल पाएंगे। हसरंगा सनराइजर्स के लिए एक्स फैक्टर साबित हो सकते थे, लेकिन दुर्भाग्य से वह अब टीम को अपनी सेवाएं नहीं दे पाएंगे। हसरंगा हाल ही में बांग्लादेश दौरे पर टेस्ट सीरीज के लिए श्रीलंकाई टीम में चुने गए थे। हसरंगा ने टेस्ट क्रिकेट में संन्यास से वापसी की थी, लेकिन डिमेरिट अंक के कारण उन पर बैन लग गया था।

ऐसे में उम्मीद थी कि वह आईपीएल में सनराइजर्स के साथ जुड़ेंगे, लेकिन इससे पहले ही उन्हें बाएं पैर की एड़ी में चोट लग गई। इस तरह श्रीलंका का यह स्टार खिलाड़ी आईपीएल 2024 में नहीं खेल पाए। सनराइजर्स ने हसरंगा को 17 वें सीजन के लिए 1.5 करोड़ में खरीदा था। इससे पहले हसरंगा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम का हिस्सा थे। वानिंदु हसरंगा इंडियन प्रीमियर लीग में कुल 26 मैच खेल चुके हैं। इस दौरान उन्होंने गेंदबाजी में 35 विकेट अपने नाम किए। हालांकि, बल्लेबाजी में हसरंगा को बहुत अधिक मौका नहीं मिला है। वहीं उनके इंटरनेशनल क्रिकेट की बात करें तो हसरंगा ने 4 टेस्ट, 54 वनडे और 65 टी20 मैच खेल चुके हैं। टेस्ट क्रिकेट में हसरंगा ने 4 विकेट अपने किए हैं।

वहीं वनडे क्रिकेट में हसरंगा ने अपनी दमदार गेंदबाजी से कुल 84 विकेट झटके हैं, जबकि टी20 फॉर्मेट में उनके नाम 104 विकेट है। यही कारण है कि हर फ्रेंचाइजी लीग क्रिकेट में हसरंगा की खूब डिमांड होती रही है। सिर्फ गेंदबाजी में ही नहीं, बैटिंग में उन्होंने वनडे में 895 और टी20 में 650 रन भी बनाए हैं। इसके अलावा टेस्ट क्रिकेट में हसरंगा ने श्रीलंका के लिए 189 रन बनाए हैं।

प्रथम पेज का शेष

'मोदी सरकार के किए आर्थिक सुधार ..

इस पर एनके सिंह ने एनडीटीवी से कहा, मुझे लगता है कि नई सरकार को फूड इन्फ्लेशन को नियंत्रण में रखने के लिए सप्लाई की ओर विशेष ध्यान देना होगा.

स्थिर टैक्स व्यवस्था बहाल करना जरूरी - कोविंद - एवार्ड 2023 समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि टॉ एंड इंडिया आनलाईन डाट काम ने टैक्स से जुड़े मामलों में स्टेक होल्डर्स के बीच बेहतर समन्वय और संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. कोविंद ने कहा, किसी भी देश की प्रगति के लिए बहुत जरूरी है की एक स्थिर टैक्स व्यवस्था बहाल की जाए. विकास के लिए जगह बनाने के लिए राजकोषीय विवेक महत्वपूर्ण है.

गुढ़ियारी सब डिवीजन में आगजनी...

नजर आ रहे थे। हालांकि दर्जनों दमकल वाहनों और राहत टीम की कड़ी मशक्कत के बाद रात तक इस आग पर काबू पा लिया गया। सबसे राहत की बात रही कि इस आगजनी की चपेट में कोई नहीं आया लेकिन संपत्ति को नुकसान जरूर पहुंचा। रात में ही सीएम विष्णुदेव साय भी मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिए जाने और घटना की जाँच की बात कही थी।

ये देश किसी एक का नहीं....

महंगाई व बेरोजगारी का जिक्र करते हुए सोनिया गांधी ने कहा, 'आज रोज की कमाई से खाने पीने का सामान तक जुटा पाना मुश्किल है. मेहनकश कामगार के परिश्रम का मोल कम होता जा रहा है. रसोई की महंगाई बार-बार मेरी बहनों की अग्नि परीक्षा ले रही है. किसानों और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चे बच्चियां बेरोजगार हैं. गरीब जितना जोर लगा ले उसके पास शक्ति, सफलता व रोशनी पहुंच नहीं पा रही है.'

उन्होंने कहा, 'आज देश महान जनता का, आपकी जागरूकता का रास्ता देख रहा है. इसलिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने 'न्याय घोषणा पत्र को पांच हिस्सों में बांटा है.' रैली को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी संबोधित किया. पार्टी ने इस अवसर पर आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र 'न्याय पत्र' को राजस्थान के लिए जारी किया.

राहुल गांधी का 13 को....

इसलिए इसका लोकसभा चुनाव पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर दीपक बैज ने कहा कि हमारी न्याय गारंटी इस देश में नई किरण, नई उम्मीद लेकर आ रही है। इसलिए बीजेपी के बयानों से साफ की उनके नेता हमारी न्याय योजना से डर रही है।

7900 लीटर नकली घी जब्त

खाद्य अधिकारी आरआर देवांगन ने बताया कि अवैध फैक्ट्री से किंग सोयाबीन तेल के 15 लीटर के 81 टीन, रजनी गोल्ड वनस्पति के 15 लीटर के 57 टीन तथा मिश्रित तेल/घी के 15 लीटर के 98 टीन और 150 लीटर के 8 ड्रम को सीज किया गया है। जब्त खाद्य नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया।

सीएम साय की नक्सलियों को

ने 13 से ज्यादा नक्सली मार गिराए हैं। कुनकुरी विधानसभा स्तरीय समेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हेलीकॉप्टर से शाम सवा पांच बजे पहुंचे। मंच पर सीएम की पत्नी कौशल्या साय, लोकसभा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया, बिलासपुर क्लस्टर प्रभारी कृष्णा राय, लोकसभा प्रभारी प्रबोध मिंज, प्रदेश भाजपा मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, पथलगांव विधायक गोमती साय, जशपुर विधायक रायमुनी भगत समेत पार्टी के नेता, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

गृहमंत्री विजय शर्मा के खिलाफ

ज्ञापन सौंपने वाले में प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, कांग्रेस विधि विभाग प्रदेश अध्यक्ष देवा देवांगन, मछुआ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एम.आर. निषाद, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, घनश्याम राजू तिवारी, सुरेन्द्र वर्मा, सत्यप्रकाश सिंह उपस्थित थे।

मोदी झूठों के सरदार

इंदिरा नहर से लोग खुश हैं क्या यह मोदी ने किया। चंबल घाटी परियोजना कांग्रेस ने किया, क्या यह भी मोदी ने किया। ऐसे कई काम कांग्रेस के समय में हुए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस के समय रेलवे का विकास हुआ और आज श्री मोदी नई रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर क्रेडिट ले रहे है।

'इतालवी संस्कृति' : शाह ने खरगे ...

उन्हें यह भी नहीं पता कि अनुच्छेद 370 की बात है, 371 की नहीं. भाजपा प्रमुख ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बना रहेगा और अनुच्छेद 370 को हटाना राष्ट्रीय गौरव एवं भारत की एकता और अखंडता से जुड़ा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसी भावनाओं को कभी नहीं समझेगी.

पेज आठ का शेष

भारत को धार्मिक, सांस्कृतिक ...

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में जोर देकर कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मात्र 10 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था को ऊंचाइयों तक पहुंचा है, जिसके कारण आज हम पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में जाने जाते हैं, उन्होंने कहा कि भारत पूरे विश्व में आध्यात्मिक शांति के नाम से जाना जाता है, इसलिए मोदी जी ने भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करते हुए मठ मंदिरों का पुनरत्थान किया, जिसके कारण भारत का पर्यटन तेजी से बढ़ने लगा है और अब ऐसा लगने लगा है कि पूरे विश्व का ध्यान भारत की ओर है, उन्होंने कहा कि आज बड़ी-बड़ी शक्तियां मोदी जी को रोकना चाहती हैं, परंतु उन्हें उम्मीद है की भारत की जनता इस बार 400 पार के लक्ष्य के साथ ही मोदी जी को तीसरी बार अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को पार्टी की स्थापना दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।

स्थापना दिवस पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, सुरेश एच लाल, संतोष अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, जिला अध्यक्ष रमेश पटेल किसान नेता अशोक चौधरी, शहर अध्यक्ष तरुण लहरवानी, केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, रघुवीर वाधवा, बृजमोहन जोशी, नीलकंठ गढ़े, आभा तिवारी, शिव वर्मा, हकीम खान, मधु बैद, रूपचंद भीमनानी, आकाश चोपड़ा, गगन आइच, वीरेश मिश्रा, अरुण शुक्ला, बंटी भाटिया, नागेश यदु, प्रखर श्रीवास्तव, असलम खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

क्या अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 में होगी इस क्रिकेटर की एंट्री ?

अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। जब से इस फिल्म के दूसरे पार्ट का एलान हुआ है। तब से अल?लू अर्जुन और पुष्पा 2 से जुड़ी नई अपडेट सामने आ रही है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बीते दिनों फिल्म से रश्मिका मंदाना का भी पहला लुक रिविल कर दिया गया है, जिसकी इस वक्त हर तरफ चर्चा हो रही है। वहीं फैंस अब फिल्म के टीजर का इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द ही रिलीज होने वाली है।

हाल ही में अल्लू अर्जुन ने पोस्ट शेयर कर फैंस को ये जानकारी दी है कि फिल्म का टीजर किस दिन रिलीज होने वाला है। इसके साथ ही ऐसी खबरें भी सामने आ रही है कि इस फिल्म में एक दिग्गज क्रिकेटर भी कैमियो भी कर सकता है और ये बात हम नहीं कह रहे बल्कि खुद क्रिकेटर ने सोशल मीडिया पर हिंट दिया है। पुष्पा 2 में होगी इस क्रिकेटर की एंट्री ?

दरअसल, बीते दिनों अल्लू अर्जुन ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पुष्पा 2 से अपना धांसू लुक शेयर किया था, जिसमें वह हाथ में त्रिशूल लिए दिखे और उनके चारों तरफ हवा में लाल सिंदूर उड़ता हुआ दिख रहा था। इस लुक को शेयर करते हुए उन्होंने बताया कि फिल्म का टीजर 8 अप्रैल को रिलीज हो रहा है। अल्लू अर्जुन के इसी पोस्ट पर दिग्गज क्रिकेट ने कॉमेंट कर कुछ ऐसा लिखा है , जिसके बाद हर तरफ फिल्म में उनके कैमियो करने की चर्चा शुरू हो गई।

हम बात कर रहे हैं ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटर डेविड वॉर्नर की, जो पुष्पा के बहुत बड़े फैन हैं। जब फिल्म रिलीज हुई थी तो क्रिकेटर ने अल्लू अर्जुन के कई सीन्स को रिक्रिएट किया था। पुष्पाराज स्टाइल में डेविड ने खूब सुर्खियां बटोरी थी। वहीं अब हउन्होंने फिल्म के सीक्वल को लेकर अपनी एक्साइटमेंट जाहिर की है। साथ ही कैमियो को लेकर भी हिंट दे दिया है। डेविड वॉर्नर ने अल्लू अर्जुन को पोस्ट पर कॉमेंट कर लिखा है कि गेस्ट अपीयरेंस। अब सचमुच डेविड इस फिल्म का हस्सा होंगे या नहीं फिलहाल ये तो फिल्म आने के बाद ही पता चलेगा। मगर डेविड के इस कमेंट से फैंस जरूर एक्साइटेड हो गए हैं। इसके साथ ही डेविड वॉर्नर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पुष्पा 2 का पोस्टर भी शेयर किया है। साथ ही क्रिकेटर ने कैप्शन में लिखा, इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। टीजर 8 अप्रैल को आ रहा वॉव।

बता दें कि निर्देशक सुकुमार की फिल्म पुष्पा-द राइज के बाद अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल इस सुपरहिट फिल्म के सीक्वल पुष्पा 2: द रूल में अपने किरदारों को दोहराते नजर आने वाले हैं। पुष्पा 2 भी अब वर्ल्ड बॉक्स ऑफिस पर करोड़ की बंपर कमाई करने के लिए तैयार है। इस फिल्म को लेकर फैंस सुपर एक्साइटेड नजर आ रहे हैं।

प्रभास की हीरोइन बनने के लिए इतनी मेहनत!

बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। अपनी डेट नाइट से लेकर अपने फिल्मों के अपडेट वो इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं। हाल में ही एक्ट्रेस ने अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग की कई झलकियां फैंस के साथ साझा की हैं। एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने अपनी अपकमिंग साइंस फिक्शन कल्कि 2898 एडी की इटली में चल रही शूटिंग से कुछ फोटोज और वीडियोज शेयर किए हैं, जिसमें उनके को-स्टार प्रभास को भी देखा जा सकता है। इंस्टाग्राम पर दिशा के 61.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं। उन्होंने इटली में फिल्म के शूट शेड्यूल के बीच की झलक इन्हीं फॉलोअर्स को दिखाई है। इन तस्वीरों को शेयर करते दिशा पाटनी ने कैप्शन में लिखा, इटली की तस्वीरों को डंप...कल्कि 2898 एडी की हैं ये तस्वीरें। दिशा ने एक सीरीज में तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए हैं।

इनमें पहले वीडियो में दिशा को गहरे बैंगनी रंग के कंबल में लिपटे हुए दिख रही हैं, जिसमें वह समुद्र के किनारे ठंडी हवा में कुड़कुड़ाती दिख रही हैं। उनकी हालत बिल्कुल रोने जैसी हो रही है। साफ पता चल रहा है कि काफी ठंड के बीच एक्ट्रेस बड़ी मशक्कत कर रही हैं। कई क्रू मेंबर्स उन्हें संभालते नजर आ रहे हैं। दूसरी तस्वीर निर्देशक नाग अश्विन और प्रभास के साथ है। कार में मेकअप करवाते भी दिशा की एक तस्वीर है। वहीं प्रभास के साथ दिल को छू लेने वाली एक सेल्फी भी है। इसमें दिशा को काले रंग की हुडी में देखा जा

किसकी वजह से साउथ की फिल्में कर रही हैं मृणाल ठाकुर ?

बॉलीवुड से लेकर साउथ में छाई एक्ट्रेस मृणला ठाकुर इन दिनों अपनी लेटेस्ट रिलीज फिल्म फैमिली स्टार से सुर्खियों में छाई हुई हैं. इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म में मृणाल और विजय देवरकोंडा की जोड़ी नजर आ रही है. फिल्म को रिलीज के पहले दिन काफी शानदार रिस्पॉन्स मिला है. वहीं एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में बताया कि आखिर किस खास शख्स की वजह से वे साउथ की फिल्मों में काम कर रही हैं. दरअसल गलाट्टा प्लस को दिए इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने दुलक सलमान की काफी तारीफ की. साथ ही कहा उन्हें लग रहा था कि दुलकर के साथ उनकी फिल्म सीता राममम उनकी आखिरी तेलुगू फिल्म होगी. ये बात उन्होंने दुलकर से भी कही थी. इस पर एक्टप ने उनकी तरफ देखकर कहा था, हम देखेंगे. मृणला ने इंटरव्यू में आगे कहा कि वे दुलकर सलमान ही हैं जिनकी वजह से आज वे तमिल फिल्म या कन्नड़ फिल्म करने के बारे में सोच रही हूं.

मृणाल ने अब तक इन साउथ फिल्मों में किया काम

चसीता राममज् के बाद मृणाल नानी के साथ तेलुगु फिल्म च्हाय नन्नाज् में नजर आई थीं. वहीं अब उनकी वेजय देवककोंडा के साथ फिल्म चफैमिली स्टारज् रिलीज हुई है. फैमिली स्टार के फोकस में गोवर्धन (विजय देवरकोंडा द्वारा स्टारर) है. गोवर्धन मीडिलक्लास फैमिली से है और उसके लिए अपने परिवार की खुशियां सबसे ज्यादा बढ़कर हैं.

बॉलीवुड फिल्मों में भी किया है काम

मृणाल ने साउथ ही नहीं कई बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है. वे लव सोनिया, बाटला हाउस, सुपर 30, धमाका, तूफान और जर्सी जैसी हिंदी फिल्में कर चुकी हैं. हालांकि मृणाल को बॉलीवुड में खास पहचान नहीं मिली लेकिन साउथ में उनके करियर की गाड़ी खूब चल रही है.

मृणाल और विजय की फैमिली स्टार की दमदार रही शुरुआत

परसुराम पेटला द्वारा निर्देशित और लिखित, इस रोमांटिक फैमिली ड्रामा में विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर ने लीड रोल प्ले किया है. दिल राजू द्वारा निर्मित, फिल्म ने दर्शकों और आलोचकों से अच्छा रिव्यू मिल है और इसकी बॉक्स ऑफिस पर मजबूत शुरुआत हुई है. सैकनिल्क के शुरुआती अनुमानों के अनुसार, फिल्म ने 5 अप्रैल, 2024 को एक भारत भर में लगभग 5.75 करोड़ रुपये के कलेक्शन के साथ दमदार ओपनिंग की है.

किरण राव ने बताई आमिर खान संग तलाक की असल वजह

किरण राव इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म लापता लेडीज को लेकर सुर्खियों में हैं. फिल्म को दर्शकों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला और इसने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा कलेक्शन किया. लापता लेडीज आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस में बनी है जिसे किरण राव ने डायरेक्ट किया है. अपनी फिल्म की सक्सेस के बाद किरण राव ने आमिर खान संग अपने रिश्ते और तलाक को लेकर बात की है.

तलाक को लेकर क्या बोलीं किरण राव ?

आमिर खान संग तलाक के बारे में बात करते हुए किरण राव ने बूट इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में कहा- मैंने अपना पूरा समय लिया, इसलिए मुझे इसके बारे में कोई चिंता नहीं थी. बात यह है कि आमिर और मैं बहुत मजबूत थे और दो इंसानों के तौर पर हमारे बीच बहुत मजबूत रिश्ता बना हुआ है. हम एक-दूसरे से बहुत जुड़े हुए हैं. हम एक-दूसरे की काफी इज्जत करते हैं और प्यार करते हैं, इसलिए यह नहीं बदला है और इसलिए मैं फिक्रमंद नहीं थी.

मैं आजादी से जीना चाहती थी...

किरण आगे कहती हैं, मुझे पता था कि मुझे अपना स्पेस चाहिए. मैं आजादी से जीना चाहती थी और मुझे खुद को डेवलप करने के लिए इसकी जरूरत थी. मुझे लगा कि यह मेरे अपने डेवलपमेंट के लिए है और आमिर ने भी इसे कबूल किया और इसका सपोर्ट किया, तो इससे मदद मिली. ऐसा इसलिए नहीं था क्योंकि हम एक-दूसरे की परवाह नहीं करते या हमारे बीच कोई इशू या असहमति नहीं है, इसलिए मुझे तलाक का डर नहीं था.

लिव इन में रह रहे थे आमिर-किरण

इस दौरान किरण राव ने ये भी खुलासा किया कि वे और आमिर खान शादी से पहले एक साल तक लिव इन में रह रहे थे. उन्होंने कहा- आमिर और मैं शादी से पहले करीब एक साल तक लिव इन में रहे और ईमानदारी से कहूं तो पेरेंट्स की वजह से हमने ऐसा किया.

'दो और दो प्यार' का ट्रेलर आउट, शादीशुदा जोड़े के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर की उलझी कहानी है ये फिल्म

विद्या बालन बॉलीवुड की बेहद टैलेंटेड एक्ट्रेस में से एक हैं. हालांकि विद्या काफी समय से स्क्रीन से दूर हैं लेकिन एक्ट्रेस अब रोमांटिक कॉमेडी फिल्म `दो और दो प्यार' से सिल्वर स्क्रीन पर कमबैक कर रही हैं. विद्या की इस मच अवेटेड फिल्म के ट्रेलर का भी काफी समय से इंतजार किया जा रहा है. फाइनली शनिवार यानी आज मेकर्स ने च्दो और दो प्यारज् का दमदार ट्रेलर रिलीज कर दिया है.

ट्रेलर में, हम दो मैरिड कपल की झलक देख सकते हैं जिनकी शादी में स्पार्क नहीं बचा है. ट्रेलर की शुरुआत में शादीशुदा कपल के तौर पर नजर आ रहे विद्या और उनके पति के किरदार में प्रतीक गांधी अपने घर की किचन में झगड़ा करते हुए नजर आते हैं. दोनों का रिश्ता बोझिल हो चुका है और वे किसी तरह इसे खींच रहे हैं.

दोनों ही फिर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर चला बैठते हैं. शादीशुदा होते हुए भी विद्या का अफेयर एक फॉरेनर से हो जाता है जबकि प्रतीक गांधी इलियाना डिक्रूज से एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर कर बैठेते हैं. हालांकि फिर विद्या और प्रतीक एक रात साथ बिताते हैं और दोनों फिर एक बार करीब आ जाते हैं. इसके बाद फिल्म में कई ट्विस्ट और टर्न देखने को मिलते हैं जो खूब एंटरटेन करते हैं. ओवरऑल ट्रेलर काफी मजेदार है.फिल्म के ट्रेलर को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर शेयर करते हुए विद्या बालन ने कैप्शन में लिखा है, च्च् कमर कस लें, क्योंकि अब दो और दो प्यारज् के साथ मज़ा और रोमांस दोगुना करने का समय आ गया है! दो और दो प्यार ट्रेलर अभी जारी, 19 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है. एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन, अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा प्रजेंट, `दो और दो प्यार' प्यार, लव, लापटर और मॉडर्न रिश्तों के कॉम्पलीकेशन का सेलिब्रेशन हैं. इस फिल्म को अवॉर्ड विनिंग एड फिल्म मेकर शीर्षा गुहा ठाकुरता द्वारा निर्देशित किया गया है यह फिल्म उनकी पहली फीचर फिल्म है, और 19 अप्रैल, 2024 को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होने के लिए तैयार है. इस फिल्म में विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति ने अहम रोल प्ले किया है.

यूट्यूबर एल्विश यादव का हुआ भंडाफोड़

चार्जशीट की गई दाखिल

यूट्यूबर एल्विश यादव की मुश्किलें खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। जेल से 50-50 हजार के बेल बॉन्ड पर रिहा होने के बाद भी एल्विश किसी न किसी वजह से चर्चा में बने हुए हैं। इस बीच एल्विश एक फिर मुसीबत में फंस गए हैं। लिए एक को सांप के जहर मामले में जमानत मिल गई है। रेव पार्टी और सांपों के जहर की सप्लाई मामले नया अपडेट सामने आया है। नोएडा पुलिस ने एल्विश यादव के साथ-साथ 8 अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। इस चार्जशीट में एल्विश यादव के खिलाफ कई सबूत कोर्ट में पेश किया है।

एल्विश यादव के खिलाफ 1200 पन्नों की चार्जशीट

यूट्यूबर एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। उनके खिलाफ चल रहे सांपों के जहर की तस्करी मामले में पुलिस ने 1200 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है।

ट्विंकल ने करण जौहर की फिल्म का ऑफर ठुकराया, शादी के बाद छोड़ी एक्टिंग !

बॉलीवुड में बहुत से स्टारकिड्स ने अपना हाथ आजमाया. किसी की किस्मत रंग लाई तो किसी को मुंह की खानी पड़ी. कई स्टारकिड्स ऐसे हैं जिन्होंने फ्लॉप फिल्मों के बावजूद भी अपनी कोशिश जारी रखी तो कई ऐसे रहे जिन्होंने एक्टिंग को अलविदा कह दिया. लेकिन इनमें से एक स्टारकिड ऐसी रहीं जिनका डेब्यू शानदार रहा, उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री को कई हिट फिल्में दीं. लेकिन इसके बावजूद एक्टिंग छोड़ दी. इस एक्ट्रेस ने बॉबी देओल की फिल्म के साथ डेब्यू किया था. इसके बाद शाहरुख खान, आमिर खान, गोविंदा से लेकर सैफ अली खान और अजय देवगन तक के साथ काम किया.हम जिस स्टारकिड की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं बल्कि राजेश खन्ना और डिंपल कपाड़िया की बेटी ट्विंकल खन्ना हैं. उन्होंने साल 1995 में रोमांटिक फिल्म बरसात से डेब्यू किया था जिसमें वे बॉबी देओल के साथ रोमांस करती नजर आई थीं. इनकी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सक्सेसफुल रही थी और 34 करोड़ रुपए के कलेक्शन के साथ उस साल की 6ठी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी.

बरसात के लिए ट्विंकल खन्ना को बेस्ट फिल्मफेयर अवॉर्ड फॉर बेस्ट फीमेल डेब्यू से भी नवाजा गया था. इसके बाद ट्विंकल ने जान, दिल तेरा दीवाना, उफ्फ ये मोहब्बत, इतिहास जैसी फिल्मों में काम किया. वे सलमान खान के साथ फिल्म जब प्यार किसी से होता है में नजर आईं. इसके अलावा बादशाह, ये है मुंबई मेरी जान, मेला, जोड़ी नंबर 1 और तेलुगु फिल्म सीनू में भी दिखाई दीं.

करण जौहर ने दिया था इस फिल्म का ऑफर

ट्विंकल खन्ना को करण जौहर ने अपनी सुपरहिट फिल्म कुछ कुछ होता है ऑफर की थी. करण ने फिल्म में उन्हें टीना के रोल के लिए ऑफर किया था. हालांकि ट्विंकल ने इसे रिजेक्ट कर दिया और रानी मुखर्जी फिल्म में शामिल हुईं. इस बात का खुलासा खुद करण जौहर ने अपने एक इंटरव्यू में किया था.

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने कोयला, रेत, गोबर, चावल का घोटाला तो किया ही, आदमी का ईमान भी खा गये - डॉ. मोहन यादव

राजनांदगाँव (दावा)। भाजपा का चुनावी शंखनाद करते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 15 वर्षों तक पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ को संवारने का काम किया पर कांग्रेस ने सब ख़राब कर दिया। छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। किसानों को बोनस दिया। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में तो कांग्रेस जड़ से साफ़ हो गई। मध्यप्रदेश में डेढ़ साल में और राजस्थान में तो पांच सालों तक खींचतान चलती रही। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने कोयला, रेत, गोबर, चावल का घोटाला तो किया ही, आदमी का ईमान भी खा गये। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को कवर्धा में आहूत भाजपा की महती चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 56 इंच के सीने वाले हैं। आज दुश्मन के देश में घुसकर दुश्मनों को मार रहे हैं और देश के अंदर के दुश्मन भी बचने वाले नहीं हैं क्योंकि देश के गृह मंत्री अमित शाह हैं। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। श्री यादव ने कहा कि आज का भारत दुश्मन को उसके घर में घुसकर मारता है। दो बार हमने पाकिस्तान को घर में घुसकर मारा। हमारे जवान अभिनंदन को पाकिस्तान ने पकड़ लिया और बार-बार फोन करके बात करने बोला परंतु हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को साफ़ कह दिया कि यदि हमारे सैनिक को जरा भी खरोंच आई और नहीं छोड़ा तो पाकिस्तान की यह आखिरी रात होगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी दोस्त के साथ दोस्ती और दुश्मन के साथ दुश्मनी वाली नीति पर चलते हैं।

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता ठुकराने वाली कांग्रेस का सूपड़ा साफ करें - अरुण साव

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सभा को संबोधित करते हुए विधानसभा चुनाव में इस कबीरधाम से आतंक और तानाशाही को समाप्त करके कमल खिलाने के लिए जनता-जनार्दन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस ने भगवान श्री राम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करने वाले थे, उसका न्योता कांग्रेस ने ठुकरा दिया। यह न्योता देने वाले का अपमान है। यह राम भक्तों का अपमान है।

भगवान राम हम छत्तीसगढ़वासियों के भाँचा हैं। हमारे भाँचा का मंदिर 500 साल बाद बना और उसका न्योता को ठुकराने वाली कांग्रेस ने हमारा अपमान किया है। उस कांग्रेस को छत्तीसगढ़ से वोट नहीं मिलना चाहिए। श्री साव ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय को वोट देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ मजबूत करना है और भगवान राम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के न्योता को ठुकराने वालों का सूपड़ा साफ करना है।

हिंदुस्तान में भगवा का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे- यादव

पहले एक नारा लगता था, कका अभी जिंदा है; अब लोग बोल रहे हैं, कका उसनिंदा है - संतोष पांडेय

अपने संबोधन में उपस्थित जनसमूह को भाजपा के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए सांसद व राजनांदगांव लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय ने भारतीय जनसंघ से लेकर आज भाजपा तक की राजनीतिक यात्रा की विस्तार से चर्चा की और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। श्री पांडेय ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल की सभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिर फोड़ने वाले सांसद के रूप में बघेल को जिताने की अपील करते हैं। यह अभद्र भाषा कांग्रेस के डीएनए में है और यही उनकी संस्कृति है। यह सरजू टेकाम कौन है, मानपुर मोहला से जिसे गिरफ्तार किया गया। उसने भी भाजपा के लोगों को काटने, मार डालने की बात कही ती। यही भाषा राहुल गांधी ने बोली और प्रधानमंत्री श्री मोदी को पनौती कहा था। श्री पांडेय ने कहा कि पाटन में कांग्रेस प्रत्याशी बघेल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को 384 नामांकन पत्र जमा करने को कहा था ताकि बैलेट पेपर से मतदान हो। एक जगह से उनका पैसा भी सेंक्शन किया गया। श्री पांडेय ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस का इतना पतन हो गया है? कबीरधाम की जनता की जनता लोकतंत्र का मखौल उड़ाने वाली कांग्रेस को सबक सिखाने लिए तैयार है। कांग्रेस के नेता ऐसा करके अराजकता की स्थिति पैदा करना चाहते हैं। उनको पता चल गया है कि बुरी तरह चुनाव हारने वाले हैं तो ऐसे हथकंडे अपनाने की कोशिश करने में लगे रहे। पहले एक नारा लगता था कि कका अभी जिंदा है, पर अब लोग जान गए हैं और बोल रहे हैं कि कका अब उसनिंदा है। नींद उड़ गई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की बाजपा सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए श्री पांडेय ने अपील की कि 26 अप्रैल को हम सब मतदान करें और भाजपा को वोट दें। आप प्रधानमंत्री श्री मोदी का हाथ मजबूत करें। सभा को साजा के विधायक ईश्वर साहू, कैलाश चंद्रवंशी, पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रामकुमार भट्ट, कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री पद व कांग्रेस से त्यागपत्र देकर भाजपा में प्रवेश करने वाले चंद्रशेखर शुक्ला, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पंडरिया की विधायक भावना बोहरा ने भी संबोधित किया।

प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में इससे भी बड़े काम होंगे, अतः भाजपा को जिताएँ - विजय शर्मा

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कवर्धा में दो प्रवृत्ति के लोग चुनाव लड़ रहे हैं। एक जो जीतकर जाएंगे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिर फोड़ने की बात कर रहे हैं और दूसरे जो जीतकर जाएंगे तो श्री मोदी के साथ-साथ पूरे देश और समाज की सेवा करेंगे। ऐसे दो लोगों के बीच में आपको सांसद चुनना है। यह जनता फैसला करेगी और बहुत स्पष्टता के साथ आपको यह निर्णय करना है। हम सबको आने वाले चुनाव में प्रधानमंत्री श्री मोदी का हाथ मजबूत करना है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के पिछले दो कार्यकाल में कितने बड़े काम हुए हैं, वह हम सभी जानते हैं। 370 कश्मीर से हट गई, कैसे नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों में शांति स्थापित हो गई है, सीएए आ गया है, तुरंत तीन तलाक खत्म हो गया, 500 साल से जिसकी प्रतीक्षा थी, भारतीय जनचेतना के प्रभु श्री राम जी का मंदिर अयोध्या में बना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है कि दो कार्यकाल में बहुत सारे बड़े काम हुए हैं और तीसरे कार्यकाल में इससे भी बड़े काम किए जाएंगे। बड़े काम देखने के लिए, वह काम जो आपके हृदय में है, उस काम को देखने के लिए तीसरी बार नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना अत्यंत आवश्यक है और इसलिए कमल के निशान पर बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय को प्रचंड मतों से जिताएं।

भारत को धार्मिक, सांस्कृतिक पुर्नरुत्थान के माध्यम से मोदी जी ने अर्थव्यवस्था एवं विकास को गति प्रदान की-अभिषेक

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा का 44 वां स्थापना दिवस आज जिला भाजपा कार्यालय में प्रातः 9 बजे पंडित शिवकुमार शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा का ध्वजारोहण कर मनाया गया। पार्टी के लोकसभा चुनाव संयोजक एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने बताया कि देश में राष्ट्रवादी विचारधारा को लेकर भारतीय जनसंघ की स्थापना 21 अक्टूबर 1951 को दिल्ली में पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, बलराज मधोक एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने की थी. इसका चुनाव चिन्ह दीपक था। 1975 में कांग्रेस ने सुनीयोजित ढंग से आपातकाल लगाया था। आपातकाल लगने के बाद राजनीतिक परिस्थितियां बदली और 1977 में जनसंघ को जनता पार्टी में विलीन कर दिया गया, जिससे आम चुनाव में कांग्रेस को हटाना संभव हुआ।

बाद में राष्ट्रीय मुद्दों पर मतभेद होने पर जनता पार्टी से अलग होकर 6 अप्रैल पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस के दिन 1980 में भाजपा के नाम से राजनीतिक दल की स्थापना की गई, अटल बिहारी वाजपेई इसके पहले अध्यक्ष बने जो की बाद में देश के प्रधानमंत्री भी बने। 1986 में लालकृष्ण आडवाणी पार्टी के दूसरे अध्यक्ष बने, 1991 में मुरली मनोहर जोशी, 1993 में लालकृष्ण आडवाणी 1998 में कुशाभाऊ ठाकरे, 2000 में बंगारू लक्ष्मण, 2001 में जनाकृष्णमूर्ति,

भारतीय जनसंघ से भाजपा का सफर देशहित में सफल साबित हुआ-मधुसूदन यादव

2002 में वेंकैया नायडू, 2004 में पुनः लालकृष्ण आडवाणी, 2005 में राजनाथ सिंह, 2009 में नितिन गडकरी, 2013 में राजनाथ सिंह, 2014 में अमित शाह, 2020 में जेपी नड्डा जी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने है। पार्टी की इस अनवरत यात्रा से देश विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने अपने सारगर्भित उद्बबोधन में कहा कि मोदी जी ने भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए कई प्रकार के भागीरथी प्रयास किए हैं, जिसके तहत भारत की मूल आत्मा आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान करते हुए महान प्राचीन सांस्कृतिक गौरव के स्थलों का सौंदर्यकरण किया गया। मंदिर परिसरों का जीणोद्धार किया गया, चार धाम योजना वैष्णो देवी मंदिर रेल संपर्क, काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर, करतारपुर साहिब कॉरिडोर का विकास इत्यादि भारत के ऐसे आध्यात्मिक केंद्रों का विकास किया गया, साथ ही अयोध्या में 500 वर्षों के बाद भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से प्रभु श्री राम के मंदिर की आधारशिला रखी गई और 22 जनवरी को प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह भी संपन्न हुआ, जिसके बाद पूरे देश की तस्वीर बदल गई और भारत इन धार्मिक क्षेत्र से आर्थिक विकास की ओर अग्रसर हुआ, उज्जैन स्थित महाकाल कारीडोर का विकास करते हुए पूरे शहर में भव्यता प्रदान की गई,

भारत के आध्यात्मिक केंद्रों के विकास से उन जगहों के व्यापारियों एवं रहवासियों का व्यापार तेजी से बढ़ने लगा है। पहली बार भारत में अपने मूल स्वरूप की पहचान और वसुदेव कुटुंबकम तत्व की परिकल्पना को साकार करते हुए वैश्विक स्तर पर भारत की समृद्धि, संस्कृति, परंपरा विरासत पर कार्य किया। जिसके कारण न केवल आध्यात्मिक क्षेत्र की उन्नति हुई बल्कि आर्थिक रूप से भी भारत सक्षम होने लगा है। *(शेष पृष्ठ 6 पर)*

जांच कार्रवाई पश्चात आवश्यक दस्तावेज लेकर लौटी संयुक्त पंजीयक की टीम

राजनांदगांव (दावा)। जिला सहकारी बैंक में कार्यरत रहे 51 दैनिक वेतन भोगी को निकाले जाने को लेकर विधानसभा में उठे सवाल के पश्चात इसकी जांच के लिए राजनांदगांव टीम पहुंची हुई थी। तीन सदस्यीय संयुक्त रजिस्ट्रार की टीम द्वारा बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों आदि से पूछताछ के बाद बैंक से आवश्यक दस्तावेज लेकर वापिस बिलासपुर लौट गई है। बताया जाता है कि 51 की संख्या में निकाले गए दैनिक वेतनभोगी कर्मियों के संबंध में पूछताछ के दौरान जो भी कुछ पाया गया तथा साथ ले जा रहे आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर वे फिर आएंगे।

जिला सहकारी बैंक में बिना अनुमोदन के कर दी गई थी संविदा भर्ती.... निकाले गए लोगों से भी हुई पूछताछ

बता दे कि जिला सहकारी बैंक में मनमाने तरीके से 51 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की भर्ती कर जो गड़बड़ी की गई जिसकी जांच के लिए बिलासपुर से ज्वाईन्ट रजिस्ट्रारों की टीम आई हुई थी और 5 अप्रैल को इसकी जांच शुरू किए जाते ही हड़कम्प मच गया था। बताया जाता है कि भर्ती घोटाले में शामिल लोगों द्वारा हाथ-पांव मारने शुरू कर दिए है। इससे यह मामला काफी गर्म बना हुआ है। ज्ञात हो कि जिला सहकारी बैंक नियुक्ति में की गई गड़बड़ी को लेकर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने विधानसभा में ध्यान आकर्षण कराया था। इसके बाद शासन के निर्देश पर तीन सदस्यीय जांच टीम 5 अप्रैल को बिलासपुर से राजनांदगांव पहुंची हुई थी। प्रमुख ज्वाईट रजिस्ट्रार जे.एस. राठिया व दो अन्य सहयोगी अधिकारियों ने दो दिन तक जांच में बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों सहित सभी पक्षों से पूछताछ की। अध्यार्थियों से भी उनके बयान लिए। जांच अधिकारियों ने पहले दिन 25 लोगों से पूछताछ करने के लिए बुलाया था लेकिन मात्र दो लोग ही पहुंच पाए थे। दूसरे दिन 6 अप्रैल को और लोगों से पूछताछ की गई। साथ ही बैंक के दस्तावेज भी खंगाले गए। जांच अधिकारी तत्सम्बंधी लोगों से पूछताछ के बाद आवश्यक दस्तावेज लेकर वापिस बिलासपुर लौट गए है।

जिला सहकारी बैंक के सीईओ श्रीकांत चन्द्राकर ने बताया कि बिलासपुर से पहुंची संयुक्त पंजीयक की टीम जे.आर. राठिया के नेतृत्व में अभ्यर्थियों से बैंक के लोगों से पूछताछ कर तथा उनके बयान दर्ज कर लिए है तथा बैंक के आवश्यक दस्तावेज लेकर संयुक्त पंजीयक टीम वापिस लौट गई है।

काकेतरा में जुआ खेलते पांच आरोपियों से 16 हजार रु., 4 नग मोबाइल, 5 मोटर सायकल जप्त

राजनांदगांव (दावा)। श्रीमान पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में अगामी लोकसभा चुनाव में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाने अवैध गांजा-शराब बिक्री, जुआ, सटटा, तथा असामजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत दिनांक 05 अप्रैल को मुखबीर सूचना पर से ग्राम कांकेतरा खार में जुआ खेल रहे आरोपियान नरेन्द्र रेड्डी पिता स्व. नरसिंग रेड्डी उम्र 46 साल निवासी जमातपारा राज, मो. बशीर पिता स्व. मो. युसुफ उम्र 42 वर्ष निवासी स्टेशनपारा, गजेन्द्र लाल सिन्हा पिता रघुवीर लाल सिन्हा उम्र 24 वर्ष निवासी तुलसीपुर, टेकराम देवांगन पिता निरंजन देवांगन उम्र 42 वर्ष बोरी, फलेन्द्र देवांगन पिता

गोवर्धन देवांगन उम्र 40 वर्ष निवासी बोरी से नगदी रकम 15950 रूपये, 04 नग मोबाईल कीमती 19500 रूपये व घटना स्थल से 05 नग मो0सा0 कीमती 172,000 रूपये जुमला 207,450 रूपये को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) अपराध कायम कर वैधानिक कार्यवाही की गयी एवं आरोपियों को प्रतिबंधित करने पृथक से धारा 151/107, 116(3) जा.फौ. के तहत कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में उनि. नरेश कुमार बंजारे, सउनि शत्रुहन टण्डन, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले चौकी चिखली व सउनि द्वारका लाउत्रे, सउनि सुमन कर्ष, आरक्षक मनीष वर्मा, अवध किशोर साहू, हरीश ठाकुर सायबर राजनांदगांव व टीम का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

राजनांदगांव में एनएसयूआई की लोकसभा स्तरीय बैठक संपन्न

राजनांदगाँव (दावा)। आज एनएसयूआई की राजनांदगांव लोकसभा स्तरीय बैठक राजनांदगांव में आयोजित की गई थी जिसमें मुख्य रूप में पूर्व मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने बैठक में हिस्सा लिया और छात्र नेताओं को लोकसभा में चुनाव भूपेश बघेल के विजयी के लिए जीत का मंत्र दिया। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने संबोधित करते हुए कहा की युवा इस देश की नींव है आज का चुनाव में छात्र युवाओं का भूमिका महत्वपूर्ण है राजनांदगांव लोकसभा में 8 विधानसभा है प्रत्येक विधानसभा में 15 से 20 हज़ार नव मतदाता है इन मतदाताओं से संपर्क कर भूपेश बघेल और कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे और कांग्रेस पार्टी को मज़बूत करेंगे।

विनोद वर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबको अपने बूथ भारत युवाओं का देश है लेकिन देश का युवा आजकल व्हाट्सअप यूनिवर्सिटी के माध्यम से भटक गया है सच्चाई से दूर रख इनको इंटरनेट के माध्यम से झूठ परोसा जा रहा है कांग्रेस के नेता को फ़ेक न्यूज़ के सहारे बदनाम किया जा रहा है पूरे देश में लोग बेरोज़गारी और महंगाई से जूझ रहे है लेकिन मोदी सरकार लोगो को मंदिर मस्जिद के नाम पर लड़ा रही है।

0 बैठक में विनोद वर्मा ने दिया छात्र नेताओं को जीत का मंत्र
0 फर्स्ट टाइम वोटर निभाएगा इस चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका - नीरज पांडे

उक्त बैठक में मुख्य रूप से विनोद वर्मा, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे, एनएसयूआई राष्ट्रीय सचिव हन्नी बग्गा, प्रदेश कांग्रेस सचिव निखिल द्विवेदी, आयुश पांडे, राजनांदगांव एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अमर झा, कवर्धा एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शीतेश चंद्रवंशी, मानपुर जिला अध्यक्ष मनीष साहू, खैरागढ़ जिला एनएसयूआई अध्यक्ष सुमीत जैन, एनएसयूआई प्रदेश सचिव राजा यादव, जयंत बघेल, नेहा वैष्णव, विक्की रामटेके, विधनसभा अध्यक्ष उज्जवल निर्मलकर, अमन उजवाने, वैभव परिहार, मोहित कोचरे, वासुदेव साहू, राजकुमार साहू, एवं अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कांग्रेस सरकार बनी तो महिलाओं को सालाना एक लाख- भूपेश बघेल

डोंगरगढ़ (दावा)। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज शनिवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों का सघन दौराकर आम जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात कर चुनाव में कांग्रेस को भारी मतों से विजयी बनाकर केन्द्र में इस बार कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील की। श्री बघेल आज सुबह 11 बजे सबसे पहले डोंगरगढ़ तहसील के ग्राम बागनदी पहुंचे और पार्टी कार्यकर्ताओं और ग्रामीण मतदाताओं से भेंट मुलाकात की। श्री बघेल ने ग्राम खैरबना, टाटेकसा, कनेरी, कोठीटोला, सीतागोटा, कारूटोला, आलेंदंड, भगवानटोला, चारभाठा, मोहनपुर, बागरेकसा, पीटेपानी, बांसपहाड़, पीपरखार, बुढ़ानछापर, मांगीखूंटा, बोतलाव, पनियाजोब, बरनारा कला, चिददो, अण्डी, चौथना आदि वनांचल ग्रामों का सघन दौराकर ग्रामीण मतदाताओं और कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात की। इस दौरान श्री बघेल ने इन गांवों में आयोजित सभाओं को संबोधित कर कांग्रेस को विजयी बनाकर केन्द्र में सरकार बनाने के लिए समर्थन मांगा।

कांग्रेस ने गांव, गरीब, किसान की चिंता की

इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ में पांच साल तक

कहा- मनरेगा मजदूरों को 400 रूपए और युवाओं को मिलेगी नौकरी, भूपेश बघेल ने किया वनांचल गांवों का

सरकार चलाई, लेकिन कभी चेहरा देखकर किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। सभी वर्ग के लोगों के हितों को ध्यान में रखकर योजनाएं संचालित की। गांव, गरीब, किसान, बेरोजगार और शिक्षित बेरोजगारों की चिंता हमने की और योजनाओं के माध्यम से सबको यथासंभव उसका लाभ पहुंचाया। ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमारी सरकार ने सभी विकासखंडों में रीपा योजना के तहत दो-दो करोड़ की लागत से सेंटर शुरू कराकर गांव की महिलाओं को गांव में ही घर बैठे रोजगार उपलब्ध कराया। शिक्षित बेरोजगारों को हमने हर माह ढाई हजार रूपए देने की शुरूआत की, ताकि उस राशि से वह युवक अपनी आगे की पढ़ाई और अच्छे ढंग से कर सके। गरीब परिवारों के बच्चों को फ्री में अंग्रेजी की पढ़ाई की सुविधा देने के लिए अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की शुरूआत की। गांव की गलियों में पड़े रहने वाले गोबर को हमने दो रूपए किलो में खरीदकर लोगों को उसका महत्व समझाया और उसी गोबर से कंपोस्ट खाद का निर्माण भी शुरू कराया।

न्याय योजना से मिलेगा सबको न्याय

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मौके पर कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में किए गए प्रावधानों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कांग्रेस द्वारा देश के गरीबों और शिक्षित बेरोजगारों, युवाओं और महिलाओं की भलाई के लिए इस बार कई प्रावधान किए गए हैं, जिसके अनुसार यदि इस बार केन्द्र में कांग्रेस की सरकार आप लोग बनाते हो तो हमारी पार्टी के घोषणा पत्र के महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की महिलाओं को हर साल एक लाख रूपए दिया जाएगा। शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी की पक्की गारंटी रहेगी। 30 लाख पदों पर पहले साल भीर्ती की जाएगी। मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों को अब 400 रूपए प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी का भुगतान किया जाएगा। सबको सालाना 25 लाख रूपए तक मुफ्त में उपचार के लिए सुविधा दी जाएगी। जहां एसटी वर्ग के लोग ज्यादा हैं, वहां पेसा कानून लागू किया जाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर गदगद हुए ग्रामीण

छत्तीसगढ़ियावाद के प्रणेता के रूप में विख्यात भूपेश बघेल को अपने बीच पाकर ग्रामीणों में जबर्दस्त उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया और भूपेश बघेल जिंदाबाद के जोरदार नारे लगाए। श्री बघेल के वनांचल ग्रामों में पहुंचने उनकी एक झलक पाने के लिए लोग टूट पड़े। भीषण गर्मी के चलते गांवों में पेड़ों की छांव में आयोजित संक्षिप्त सभाओं को श्री बघेल ने परंपरागत तरीके से छत्तीसगढ़ी में संबोधित कर सबका मन मोह लिया। ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए किए गए तमाम प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना भी की। श्री बघेल भी ग्रामीणों के उत्साह को देखकर काफी हर्षित और आशान्वित नजर आए। इस दौरान श्री बघेल के साथ विधायक दलेश्वर साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू, जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह, रामकिशन चंद्रवंशी, हीरा सोनी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के कांग्रेसजन मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com